कोटद्वार,सोमवार
29 जनवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 266 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक - निष्पक्ष - जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### दो दिन के बाद फिर से ग्रामीण क्षेत्र में कोहरे का कहर

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र में सुबह से कोहरा छाने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। दिनभर लोग ठंड में कांपते रहे। पिछले दो दिन से धूप निकल रही थी, लेकिन रविवार को अचानक कोहरा छाने और ठंड बढ़ने से लोग परेशान रहे। वहीं, किसान रामबीर, ललित कुमार, सुखबीर, गालिब हसन, जसबीर सिंह, धर्मेन्द्र चौहान आदि का कहना है कि ठंड से गेहूं की फसल को फायदा पहुंच रहा है। अगर पाला पड़ता है तब सब्जी की फसलों को नुकसान पहुंचना शुरू हो जाएगा।

### मशहूर पाकिस्तानी गायक ने जूतों से शागिर्द को पीटा, वीडियो वायरल होने पर मांगी माफी

नई दिल्ली ,पाकिस्तानी गायक राहत फतेह अली खान का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे एक व्यक्ति को जूते से पीटते हुए दिखाई दे रहे है। उन्होंने आज उस वायरल वीडियो को खारिज करने की कोशिश की।

उन्होंने दावा है कि वह व्यक्ति उनका शागिर्द है। वीडियो में लोकप्रिय कव्वाली गायक को बोतल के बारे में पूछताछ करते हुए बार-बार मारते और थप्पड़ मारते हुए दिखाया गया है। वह शख्स गायक से विनती करते हुए कहता दिख रहा है कि उसे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। दूसरे सीन में कुछ लोग शागिर्द को बचाने के लिए सिंगर को खींचने की कोशिश करते नजर आए।

राहत फतेह अली खान अपने घरेलू सहायक के साथ दुर्व्यवहार करते हुए पकड़े गए। बाद में उन्होंने सफाई भी दी। नुसरत फतेह अली खान के भतीजे राहत फतेह अली खान ने बाद में स्पष्ट किया कि यह उस्ताद और उनके शागिर्द (शिक्षक और शिष्य) के बीच का व्यक्तिगत मामला था। उन्होंने अपने कृत्य को स्पष्ट करने के लिए एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उस व्यक्ति को दिखाया गया, जिसे पीटते हुए देखा गया था। साथ ही उसके पिता को भी दिखाया गया था।

वीडियो में कहा कि यह एक उस्ताद और शागिर्द के बीच एक व्यक्तिगत मुद्दा है। वह मेरे बेटे की तरह है। एक उस्ताद और उसके शागिर्द के बीच यही रिश्ता होता है। अगर कोई शागिर्द कुछ अच्छा करता है, तो मैं उस पर अपना प्यार बरसाता हूं।

# नीतीश कुमार की फिर ताजपोशी, नौवीं बार ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

पटना ,। बिहार में नीतीश कुमार की फिर ताजपोशी हो गई है। राजभवन के राजेंद्र मंडप में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन गया, जिसमें नीतीश कुमार ने नौवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई है। इसके अलावा दो उप मुख्यमंत्री भी बनाए गए हैं। सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने भी बिहार के उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है।

इससे पहले नीतीश कुमार ने राजभवन पहुंचकर फिर से सरकार बनाने का दावा पेश किया। उनके साथ भाजपा के नेता और हिंदुस्तान अवाम मोर्चा के नेता भी शामिल हैं। नीतीश कुमार रविवार को एकबार फिर राजभवन पहुंचे और राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया और भाजपा और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा का समर्थन पत्र भी राज्यपाल को सौंप दिया।

इसके बाद माना जा रहा है कि रविवार की शाम शपथ ग्रहण समारोह होगा, जिसमे



नीतीश नौवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे। भाजपा कोटे से दो लोगों को उप मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। इससे पहले, नीतीश कुमार ने राजभवन जाकर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद महागठबंधन की सरकार समाप्त हो गई। इससे पूर्व एनडीए विधानमंडल दल की बैठक हुई जिसमे नीतीश कुमार को सर्वसम्मति से नेता चुना गया। इस बीच, भाजपा विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी को भाजपा विधायक दल के नेता और विजय कुमार सिन्हा को उप नेता चुना गया। नीतीश कुमार ने कब-कब मारी पलटी

**पहली बार 1994 में बदला पाला**

नीतीश कुमार के अभी तक के सियासी सफर की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार साल 1974 में छात्र राजनीति के जरिए पॉलिटिक्स में एंट्री करने वाले नीतीश कुमार अभी तक कुल पांच पाला बदल चुके हैं। पहली बार नीतीश कुमार ने साल 1994 में पाला बदला था, तब वे जनता दल का हिस्सा थे। जनता दल से निकलने के बाद नीतीश ने 1994 में जॉर्ज फर्नांडीस, ललन सिंह के साथ मिलकर समता पार्टी बनाई और 1995 का विधानसभा चुनाव वामदलों के साथ मिलकर लड़ा।

**1996 में दूसरी बार मारी पलटी**

इस दौरान जब समता पार्टी को सफलता नहीं मिली, तो उन्होंने वामदलों के साथ अपना गठबंधन तोड़ लिया और हृष्ठ के साथ आ गए। इस तरह से 1996 में नीतीश कुमार ने दूसरी बार पलटी मारी। नीतीश कुमार का एनडीए के साथ यह सफर साल 2010 तक चला। इसके बाद जब नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री फेस के रूप में आगे बढ़ाया गया तो नीतीश कुमार एनडीए से अलग हो गए और 2014 का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ा।

## भगवान राम का शासन संविधान निर्माताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत : पीएम मोदी



नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि भगवान राम का शासन संविधान निर्माताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 109वें को संबोधित करते हुए कहा, इसी संविधान की मूल प्रति के भाग तीन में भारत के नागरिकों के मौलिक अधिकारों का वर्णन किया गया है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि भाग तीन के आरंभ में ही हमारे संविधान निर्माताओं ने भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को उचित स्थान दिया था।

पीएम ने कहा, प्रभु राम का शासन हमारे संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत था। इसीलिए 22 जनवरी को अयोध्या में मैंने देव से देश की बात की थी, मैंने राम से राष्ट्र की बात की थी। साथियों, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का अवसर देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांधता हुआ नजर आ रहा है। सबकी भावनाएं एक हैं, सबकी भक्ति एक है... सबकी बातों में राम हैं, सबके दिल में राम हैं।

## उत्तराखंड के मदरसों में पढ़ाई जाएगी रामायण, वक्फ बोर्ड का बड़ा फैसला

उत्तराखंड , उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने बड़ा फैसला लिया है। बोर्ड ने फैसला लिया है कि संबद्ध मदरसों में अब रामायण पढ़ाई जाएगी। रामायण को पाठ्यक्रम के तौर पर शामिल किया जाएगा। नया पाठ्यक्रम बोर्ड के तहत कुल 117 मदरसों में से शुरू में 4 मदरसों में शुरू किया जाएगा। भगवान राम की कहानी को आगामी 2024 शैक्षणिक सत्र से चार मदरसों झ देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल और उधम सिंह नगर जिलों में से प्रत्येक में पढ़ाया जाएगा। मदरसों में रामायण पढ़ाने के लिए शिक्षकों की भी भर्तियां की जाएंगी। इसके बाद शेष 113 मदरसों में भी इसे शुरू किया जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने कहा कि जब हम अपने छात्रों को लक्ष्मण के बारे में बता सकते हैं, जिन्होंने अपने बड़े भाई के लिए सब कुछ त्याग दिया, तो उन्हें औरंगजेब के बारे में बताने की क्या जरूरत है, जिसने सिंहासन पाने के लिए अपने भाइयों को मार डाला। 4 पहचाने गए



मदरसों में एक उचित ड्रेस कोड भी लागू किया जाएगा।बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि हम कुरान के साथ-साथ छात्रों को रामायण भी पढ़ाएंगे। शादाब शम्स ने कहा कि 4 चयनित मदरसों को स्मार्ट कक्षाओं के साथ मॉडल मदरसों के रूप में विकसित किया जाएगा। इन संस्थानों के शैक्षिक मानकों को उन्नत करने की सख्त जरूरत है और हम राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की किताबें पेश करने की प्रक्रिया में भी हैं।

# मुख्यमंत्री ने महिलाओं संग साझा की बचपन की यादें

**-मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग के दौरान महिलाओं संग बनाया चौलाई से तैयार महाप्रसाद**

**-पिछली यात्रा के दौरान करीब 70 लाख रुपए से ज्यादा का किया था कारोबार, इस वर्ष दो करोड़ का है लक्ष्य**

रुद्रप्रयाग। शक्ति वंदन महोत्सव के अंतर्गत जनपद रुद्रप्रयाग में आयोजित ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न महिला समूहों के साथ विभिन्न क्रियाकलाप कर स्थानीय संस्कृति को जाना। केदारनाथ धाम में एनआरएलएम के तहत काली माता स्वयं सहायता समूह एवं देवी धार स्वयं सहायता समूह के साथ महा प्रसाद बनाते हुए मुख्यमंत्री ने अपने बचपन की यादें उनसे साझा की। हाथ से महाप्रसाद बनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने बचपन में घर के कार्यों में खूब हाथ बटाया है। बचपन में वो त्योहारों के समय अपनी माता जी के साथ स्थानीय




पकवान बनाने में खूब सहयोग करते थे। वहीं सिलबट्टे पर कई बार अपनी माता जी के साथ मिलकर नमक भी पीसा है। आटा गूँथने से लेकर जंगल में घास काटने तक में उन्होंने हमेशा हाथ बटाया। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं से सरकार की महाप्रसाद योजना से जुड़ने के बाद आजीविका में हुए बदलाव की जानकारी भी ली।

रूरल बिजनेस इंक्यूबेटर की ओर से लगे स्टॉल पर शिल्पकार के उद्यमियों एवं स्वास्तिक स्वयं सहायता की महिलाओं के साथ मिलकर मुख्यमंत्री धामी ने स्टोन पेन्टिंग करते हुए उनकी संस्था की जानकारी ली। वहीं उन्नती क्लस्टर संगठन, कालीमठ कोटमा की महिलाओं के स्टॉल पर कताई एवं बुनाई की। संगठन की अध्यक्ष सरिता देवी ने उन्हें हाथकरघा की पूरी विधि बताते हुए अपने संगठन की जानकारी दी।

उन्होंने समूह के उत्पादों की सराहना करते हुए केदारनाथ धाम एवं यात्रा मार्ग पर भी आउटलेट खोलने एवं पारंपरिक तरीके से बन रहे दोखे, शौल, टोपी आदि का खूब प्रचार करने को कहा।

### महिला समूहों ने केदारनाथ यात्रा के दौरान करीब 70 लाख रुपए से ज्यादा का किया कारोबार

केदारनाथ यात्रा से जुड़े विभिन्न महिला समूहों ने पिछले वर्ष यात्रा के दौरान 70 लाख रुपए से ज्यादा का व्यापार किया था। अकेले चोलाई के प्रसाद से लगभग 65 लाख रूपए का व्यवसाय हुआ। इसके अलावा स्थानीय हर्बल धूप, चूरमा, बेलपत्री, शहद, जूट एवं रेशम के बैग आदि से पांच लाख रुपये की कमाई महिलाओं द्वारा की गई है।

# लद्दाख के फोबरांग क्षेत्र के छात्र–छात्राओं ने की राज्यपाल से भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में ह्यह्राष्ट्रीय एकता यात्राह्यह्य पर आए केंद्र शासित प्रदेश, लद्दाख के फोबरांग क्षेत्र के छात्र–छात्राओं ने भेंट की। भारतीय सेना के ह्यह्यऑपरेशन सद्भावनाह्यह्य के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता यात्रा में लद्दाख के फोबरांग क्षेत्र के 4 शिक्षकों के साथ 16 छात्र–छात्राएं शामिल हैं। यह छात्र–छात्राएं पहली बार लद्दाख क्षेत्र से बाहर निकल कर नई दिल्ली, आगरा सहित देहरादून स्थित विभिन्न संस्थानों का भ्रमण कर रहे हैं। बच्चों की इस यात्रा का उद्देश्य यहां की संस्कृति, परंपराओं, विकास, तकनीकी और आर्थिक प्रगति का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने के साथ–साथ ज्ञानार्जन एवं कैरियर के अवसरों को अर्जित करने हेतु निकट से जानने एवं समझने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

311 मध्यम रेजिमेंट की संचालन टीम के लीडर लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक दत्ता और कैप्टन सिमरन कौर के नेतृत्व में लद्दाख दुर्गम, विरल और सुदुर क्षेत्र से आए यह बच्चे राज्यपाल से मिलकर बेहद खुश नजर आए।

इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी बच्चों से वार्तालाप की और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे जीवन में हमेशा बड़ा लक्ष्य रखें और बड़े–बड़े सपने देखें और फिर सपने को साकार करने के लिए खूब मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने बच्चों को उनके उज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया। राज्यपाल ने कश्मीर और लद्दाख में सेवाएं देने के दौरान अपने अनुभवों को बच्चों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक यात्रा उन्हें कई चीजें सीखने को मिलेंगी जो आगे उनके भविष्य में काम आएंगी।

# 29 जनवरी को जाएगी रामलला के दर्शन को स्पेशल ट्रेन अयोध्या

देहरादून। हरिद्वार से अयोध्या जाने वाली पहली विशेष अयोध्या धाम आस्था स्पेशल ट्रेन अब 29 जनवरी को हरिद्वार से रवाना होगी। अयोध्या में नव–निर्मित राम मंदिर के दर्शनार्थ उत्तराखंड से जाने वाले राम भक्त श्रद्धालुओं को पहले 25 जनवरी को इस ट्रेन से रवाना होना था। मगर अयोध्या में भीड़–भाड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन के आग्रह पर इस ट्रेन को रि–शेड्यूल किया गया है। दूसरी ट्रेन पर भी फैसला जल्द होने की उम्मीद है। दून से करीब 100 श्रद्धालुओं को दो बसों के जरिए हरिद्वार पहुंचाया जाएगा। जहां पर उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली, ऋषिकेश, मसूरी, विकासनगर, डोईवाला, चकराता आदि के आरएसएस कार्यकर्ता भी इस जत्थे में शामिल होंगे। हरिद्वार से 22 कोच वाली ट्रेन में कुल मिलाकर 1460 यात्री अयोध्या के लिए रवाना किए जाएंगे।

देहरादून में सभी यात्रियों को 29 जनवरी दोपहर 12 बजे तक राजपुर रोड स्थित विश्व संवाद केन्द्र में पहुंचने को कहा गया है। आरएसएस के प्रान्त मीडिया संवाद प्रमुख बलदेव पराशर ने बताया कि साधारण श्रेणी की स्लीपर कोच ट्रेन में यात्रियों को भोजन, चादर, तकिया और कंबल संघ परिवार की ओर से उपलब्ध कराया जाएगा। अयोध्या में रहने और दर्शन का जिम्मा विहिप व मंदिर ट्रस्ट परिवार की ओर से किया गया है। अयोध्या जाने वाले यात्रियों की सूची में राम मंदिर आंदोलन के लिए कारसेवा करने वाले परिवारों को प्राथमिकता दी गई है।

## फैक्ट्रीकर्मी ने दम तोड़ा

रुड़की। सड़क दुर्घटना में घायल फैक्ट्रीकर्मी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पीड़ित परिवार के लोगों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

दो दिन पूर्व फैक्ट्री कर्मी कमल कुमार (35) निवासी रायपुर सादात थाना नगीना देहात जनपद बिजनौर हाल निवासी चोली शहाबुद्दीनपुर किसी काम से चोली बस स्टैंड पर गया था। तभी वहां अज्ञात वाहन की चपेट में आकर कमल गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसको 108 की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दो दिन से कमल का उपचार चल रहा था। जहां अस्पताल में शनिवार को कमल ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पीड़ित परिवार के अश्वनी ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी की योजना बनाते दो आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार। सिडकुल पुलिस ने चोरी की योजना बनाने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि रोशनाबाद शनि मंदिर के पास दो संदिग्ध बैठे मिले। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से हथौड़ा, प्लास, छेनी, लोहे के सरिए के टुकड़े बरामद हुए हैं। आरोपियों ने अपना नाम अर्जुन राणा निवासी आंबेडकर चौक ब्रह्मपुरी रावली महदूद और जाहिद अली उर्फ छोटन निवासी जामा मस्जिद बताया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया।

### संत रविदास की पेंटिंग अनावरण में उमड़ा जन सैलाब

रुड़की। संत रविदास की पेंटिंग का अनावरण खानपुर विधायक उमेश कुमार ने किया। इस अवसर पर सत्संग और भजन कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। नगर निगम के समीप स्थित रविदास घाट पर विधायक उमेश कुमार द्वारा रविदास की एक पेंटिंग स्थापित करवाई गई है। पेंटिंग का अनावरण करते हुए उमेश ने कहा कि उक्त पेंटिंग को कलकत्ता में तैयार किया गया है और दावा किया कि यह दुनिया की सबसे बड़ी हस्त निर्मित पेंटिंग हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास सभी के लिए प्रेरणादाई हैं और सर्वसमाज के लिए पूजनीय हैं। उन्होंने कहा कि जब से वह विधायक बने हैं तब से अब तक दो दर्जन से अधिक रविदास मंदिरों का जीर्णोधार करवाया है। उन्होंने कहा कि वह संत रविदास की याद में बड़ा काम करना चाहते थे जो रविदास कल्याण महासभा के सहयोग से संपन्न हुआ है।

### संपत्ति विवाद में दो भतीजो पर मुकदमा दर्ज

रुड़की। बहन ने अपने भाई के दो पुत्रों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत कराया है। रुड़की कोतवाली को सिविल अस्पताल के पीछे द्वारिका ग्रीन कोतवाली गंगनहर निवासी नीलम वालिया ने बताया कि पैतृक संपत्ति को लेकर भाई विजय कुमार वालिया से विवाद है। आरोप है माता पिता की मृत्यु के बाद भाई ने पैतृक संपत्ति पर कब्जा करने का षड्यंत्र रचा। अब बिना परिवार के सदस्यों की अनुमति से पैतृक संपत्ति को बेचा जा रहा है। जिसके लिए फर्जी कागजात भी तैयार कराए गए हैं। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि विपिन और विकास वालिया पुत्र विजय कुमार निवासी सोत मोहल्ला कोतवाली रुड़की के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# पतंजलि जनजातीय समूहों के सर्वांगीण विकास हेतु पूर्ण प्रतिबद्ध : आचार्य बालकृष्ण

हरिद्वार। आज पतंजलि विश्वविद्यालय, पतंजलि अनुसंधान संस्थान और केन्द्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय आंध्र प्रदेश के मध्य आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के नेतृत्व में एक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुआ जिसके तहत तीनों संस्थान जनजाति विकास, औषधि, आजीविका अभिवृद्धि एवं संबंधित शोध कार्यों को मिलकर कर सकेंगे। इस अवसर पर आचार्य जी ने कहा कि तीनों संस्थान मिलकर मिल्लेट्स, अराकू कॉफी (अ१ृ४ उङ्गऋ्र्ढी) से संबंधित शोध कार्यों को गति देने पर मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए जनजातीय समूहों को जोड़कर कार्य किया जाएगा। आचार्य जी ने कहा कि इस सम्पूर्ण कार्य योजना में पतंजलि की अहम भूमिका होगी। शोध कार्यों के अतिरिक्त पतंजलि संबंधित सभी विषयों पर कार्य करेगी। साथ ही पतंजलि ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित कर लोगों को प्रशिक्षित भी करेगी। उन्होंने कहा कि पतंजलि संस्थान जनजाति समूहों के सर्वांगीण विकास हेतु पूर्ण प्रतिबद्ध है।



इस अवसर पर केन्द्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश के कुलपति प्रो. टी.वी. कट्टिमणी ने कहा कि पतंजलि एक विश्वविख्यात संस्थान है। पतंजलि के साथ जुड़ने से इस सम्पूर्ण कार्य योजना को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि आचार्य जी के कुशल नेतृत्व तथा पतंजलि की अपार क्षमताओं से निश्चित ही जनजातीय समूहों का विकास होगा।कार्यक्रम में प्रो. टी.वी. कट्टिमणी (वीसी, सीटीयू, एपी), पतंजलि विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ. प्रवीण पुनिया, पतंजलि शोध संस्थान के वैज्ञानिकों सहित पतंजलि संन्यास आश्रम के पूज्य संतगण भी उपस्थित थे।

# लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने की अपील



रुड़की। कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर शमीम अल्वी ने कहा है कि कांग्रेस ही देश को सही मार्ग पर ले जाने का काम कर सकती है। जिस तरह से महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है उससे जनता पूरी तरह से परेशान हो चुकी है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव और मंगलौर विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को जीताकर सदन में भेजने का कस्बावासियों से अह्वान किया है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक काजी निजामुद्दीन ने भी संबोधित किया। उनके ओर से किए गए अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों को जनता के सामने रखा गया। इस अवसर पर रुड़की महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, पूर्व पालिका अध्यक्ष चौ. इस्लाम, शाह वकार चिश्ती, परवेज अहमद, मोनू प्रधान, डॉ. शराफत अंसारी, इरशाद कुरैशी, शाहनवाज, हाजी मंसूर, मौ. अंसारी, फरमान खान, नवाज काजमी, सुलेमान राणा, मसरूर अहमद और शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

## झबरेड़ा पुलिस ने पांच हजार का इनामी दबोचा

रुड़की। पुलिस ने चेकिंग के दौरान पिकअप सवार पांच हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। जबकि उसके दो साथी पुलिस को चकमा देकर गन्ने के खेतों में घुसकर फरार हो गए। गिरफ्तार बदमाश की निशानदेही पर पुलिस ने पचास हजार रुपये भी बरामद किए है। थानाध्यक्ष अंकुर शर्मा ने बताया कि इकबालपुर के पास गांव मौलना मार्ग पर शनिवार देर शाम पुलिस चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान गांव मौलना की ओर से एक पिकअप वाहन आ रहा था।

पुलिस को देखकर चालक पिकअप वाहन को दूसरी ओर मोड़ने लगा। पुलिस ने शक होने पर आवश्यक बल प्रयोग कर पिकअप वाहन को अपने कब्जे में लेकर चालक को पकड़ लिया। पूछताछ में पिकअप वाहन चालक पांच हजार का इनामी बदमाश शाहरुख बंजारा उर्फ चांद मोहम्मद पुत्र अली हसन निवासी कैलाशपुर जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश निकला। पिकअप वाहन के पीछे–पीछे बाइक पर उक्त बदमाश के दो साथी भी आ रहे थे, जो पुलिस को देखते ही बाइक को सड़क पर छोड़कर गन्ने के खेतों से होते हुए भाग निकले।

# तीन माह से क्षतिग्रस्त पड़ा है चैंबर, निगम नहीं दे रहा ध्यान

### गाड़ीघाट तिराहे के समीप क्षतिग्रस्त चैंबर से दुर्घटनाओं का अंदेशा

जयन्त प्रतिनिधि। नगर निगम बनने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, नगर निगम शहर के वार्डों में क्षतिग्रस्त चैंबर की मरम्मत भी नहीं करवा पा रहा है। नतीजा, टूटे चैंबर से हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। शिकायत के बाद भी नगर निगम चैंबर मरम्मत की सुध नहीं ले रहा।

गाड़ीघाट तिराहे के समीप लोहे का चैंबर पिछले छह माह से क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है। सड़क के मध्य में टूटे इस चैंबर की चपेट में आने से दोपहिया वाहन चालक घायल हो रहे हैं। तिराहे से कुंभीचौड़ को जाने वाले मार्ग पर भी चैंबर क्षतिग्रस्त है। यही स्थिति वार्ड नंबर 16 सिताबपुर क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। हालत यह है कि यदि कोई व्यक्ति चैंबर की चपेट में आया तो वह सीधे नहर में गिरेगा। कुछ वर्ष पूर्व देवी रोड पर ऐसे ही एक खुले चैंबर में गिरने से एक बच्ची की भी मौत हो गई थी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि वह चैंबर मरम्मत के लिए कई बार नगर निगम से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, अब तक हालत जस की तस बनी हुई।



कोटद्वार में गाड़ीघाट तिराहे के समीप क्षतिग्रस्त पड़ा चैंबर

# लाला लाजपत राय के योगदान को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः जानकीनगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेता रहे लाला लाजपत राय की जयंती मनाई गई। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को लाला लाजपत राय के योगदान के बारे में बताया।

आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल ने लाला लाजपत राय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत उन्होंने विद्यार्थियों को लाला लाजपत राय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि लाला लाजपत राय का जन्म पंजाब के फिरोजपुर शहर में हुआ था। उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना की थी। अंग्रेजों के खिलाफ भी उन्होंने कई बड़े आंदोलन चलाए। 17 नवंबर 1928 को लाठीचार्ज में घायल होने के कारण उनका देहांत हो गया था। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर अंचल कुमार अग्रवाल, योगेश नेगी, गीता रावत, सुनीता पंत, अंजू, कीर्ति द्विवेदी, श्रेया चौधरी, अंजलि कंडवाल, पूजा चतुर्वेदी, हेमा पांडेय आदि मौजूद रहे।

### शिविर में स्वस्थ रहने के बताए तरीके

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एकेश्वर के तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के कई लोगों ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण में नैशनल मेडिकॉस ऑर्गनाइजेशन श्रीकोट श्रीनगर की तरफ से डॉक्टरों ने प्रतिभाग किया। आयोजन एकेश्वर ग्राम पातल के मिलन केंद्र में हुआ। शिविर में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के छात्र और डॉक्टरों ने निशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांचें, परामर्श, परीक्षण और दवा वितरण जैसी विभिन्न चिकित्सा सेवाएं प्रदान की। इस मौके पर कार्यक्रम के समन्वयक डा. अमन भारद्वाज, नेशनल मेडिकोज़ आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष डॉ. कैलाश गैरोला, डा. सुरेंद्र सिंह नेगी, डा. राजेंद्र शर्मा, जतिन फुलेरा प्रदीप चंद्र, एकेश्वर शिव मंदिर कल्याण समिति के अध्यक्ष कुलदीप किशोर जोशी, खंड कार्यवाह सूरज असवाल, गंगोत्री नंदन पंत, नरेश प्रसाद, तेजपाल पंवार, हरिओम पांडे आदि शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः सीएम पुष्कर सिंह धामी के फरवरी महीने में प्रस्तावित भ्रमण को लेकर डीएम ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अफसरों के साथ तैयारी की समीक्षा बैठक ली।

डीएम डा.आशीष चौहान ने कंडोलिया पार्क, ल्वाली मार्ग, नागदेव मार्ग, डांडापानी गडोली मार्ग व छतरीधार का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सीएम के प्रोग्राम के दौरान पुलिस विभाग को यातायात, भीड़ प्रबंधन व पार्किंग की व्यवस्था के लिए रूट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की व्यवस्था ल्वाली मार्ग व नागदेव मार्ग पर करवाए। साथ ही उन्होंने श्रीनगर से आने वाले वाहनों के आवागमन के लिए गडोली–डांडापानी मार्ग का उपयोग करते हुए लोनिवि को मार्ग सही करने के निर्देश दिए। डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल कंडोलिया मैदान में टैंट व्यवस्था, लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं पूरी करने को कहा।

बैठक में उन्होंने अब तक की गयी तैयारियों की जानकारी ली व संबंधित अफसरों को तत्काल अपने–अपने दायित्वों को पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनामिका, डीडीओ मनविंदर कौर, एएसपी जया बलूनी, अधिशासी अभियंता प्रांतिय खंड लोनिवि शिवा, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, आरटीओ द्वारिका प्रसाद आदि शामिल रहे।

# प्रकाश पर्व पर गुरु गोविंद सिंह को किया याद

### माता बेसरी बाई गुरुद्वारे में आयोजित किया गया कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सिख समुदाय के लोगों ने गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। रिफ्यूजी कालोनी स्थित माता बेसरी बाई गुरुद्वारे में गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व मनाया गया। प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे को मनमोहक तरीके से सजाया गया था। सुबह नौ बजे रागी जत्थों द्वारा शब्द कीर्तन व गुरुबाणी का पाठ किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने सभी से आपसी भाई चारे के साथ रहने का संदेश दिया। कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने समाज को बेहतर मार्ग पर चलने का संदेश दिया था। हमारा उद्देश्य उनके विचारों को जन–जन तक पहुंचाना है। गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य सरदार महेंद्र सिंह, सरदार महिमा सिंह व विनय भाटिया ने बताया कि प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे में लंगर का भी आयोजन किया गया था। बड़े सख्या में पहुंचे सिख समुदाय के लोगों ने गुरु गोविंद सिंह के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया, बलराम भाटिया, राजकुमार छाबड़ा, मनोज सैनी, शांतनु रावत, विनोद रावत आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में में गुरुवाणी का पाठ करते सिख समुदाय के लोग

# लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका, एक बार फिर भाजपा के हुए शैलेंद्र सिंह रावत

### भाजपा से मेयर टिकट के लिए आस लगाए भाजपा नेताओं की भी बढ़ने लगी चिंता

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः कोटद्वार के पूर्व विधायक शैलेन्द्र रावत ने कांग्रेस का हाथ छोड़ फिर से भाजपा का दामन थाम लिया है।

देहरादून स्थित पार्टी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई। साथ ही उनके साथ कई साथी भी भाजपा में शामिल हुए। वहीं, इसके बाद अब कोटद्वार से मेयर के टिकट की आस लगाये बैठे नेताओं की अंदरखाने बेचैनी बढ़ गई है। बता दें कि शैलेन्द्र रावत साल 2017 और 2022 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर यमकेश्वर से लड़े थे और दोनों बार जनता ने उन्हें नकार दिया। तब से शैलेन्द्र के समर्थक लगातार उनकी भाजपा में वापसी के प्रयास कर रहे थे। साल 2003 में दुगड्डा के ब्लॉक प्रमुख बने शैलेन्द्र रावत भाजपा के टिकट पर 2007 में कोटद्वार से विधायक चुने गये थे। तब कांग्रेस के बड़े नेता माने जाने वाले सुरेन्द्र सिंह नेगी को उन्होंने शिकस्त दी थी। उसके बाद साल 2012 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के दिग्गज जनरल बीसी खंडूरी को कोटद्वार से टिकट मिला लेकिन कांग्रेस के सुरेन्द्र सिंह नेगी ने खंडूरी को हरा दिया।

हार का ठीकरा शैलेन्द्र रावत पर फूटा और भाजपा ने उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया.हालांकि 2014 में लोकसभा चुनाव के दौरान उनकी भाजपा में वापसी हुई, लेकिन इसके बाद 2017 में भाजपा ने टिकट नहीं दिया। जिससे नाराज शैलेन्द्र रावत ने कांग्रेस के टिकट पर यमकेश्वर से चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। 2022 का चुनाव भी यमकेश्वर से ही लड़े, लेकिन फिर पराजित हुए। अब वे एक बार फिर भाजपा में शामिल हुए हैं।



देहरादून में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते शैलेंद्र सिंह रावत

# संदिग्ध परिस्थितियों में सैनिक की मौत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः सिक्किम आर्मी सप्लाई कोर में तैनात जशोधरपुर निवासी एक सैनिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कोर की ओर से इसकी सूचना फोन के माध्यम से स्वजनों को दी गई। जशोधरपुर निवासी राजेंद्र सिंह (42 वर्ष) 27 दिसंबर को एक माह की छुट्टी काटकर ड्यूटी पर लौटे थे। सैनिक के रिश्तेदार मंगल सिंह रावत ने बताया कि एक दिन पूर्व ही सेना के अधिकारियों ने फोन पर परिवार को घटना की जानकारी दी। बताया गया था कि रात के समय राजेंद्र सिंह अपने स्लीपिंग बैग में सो रहा था। सुबह वह मृत अवस्था में मिले। सोमवार को सिक्किम से राजेंद्र सिंह का शव कोटद्वार लाया जाएगा। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। राजेंद्र सिंह का परिवार मूल रूप से बोरगांव पोस्ट बांसी का रहने वाला है। पिछले कई दशकों से वह जशोधरपुर में रह रहे हैं।

# मूल निवास व भूमि सुधार कानून को लेकर दिया धरना

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः उत्तराखंड विकास पार्टी ने मूल निवास, भूमि सुधार कानून की मांग को लेकर कोटद्वार तहसील में धरना दिया। सदस्यों ने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर जन आंदोलन भी चलाने की चेतावनी दी है।

उत्तराखण्ड विकास पार्टी ने उम्मेद सिंह रावत के नेतृत्व में धरना दिया। धरना में पार्षद व आंदोलनकारी प्रमेंद्र सिंह रावत ने कहा कि जिस राज्य निर्माण का सपना लेकर हमने राज्य आंदोलन की लड़ाई लड़ी थी उस राज्य की प्राप्ति अभी तक नहीं हो पाई है यही वजह है कि यहां के मूल निवासी को आज सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। दीपक सिंह रावत ने कहा कि मूल निवास 1950 हम गढ़वालियों की पहचान है अपनी अस्मिता की लड़ाई में हमें लड़नी ही पड़ेगी। इस अवसर पर सुभाष चंद्र नौटियाल ने कहा कि यूपी जेड ए एल आर एक्ट 1950 में उत्तराखण्ड बनने के बाद जो अमेंडमेंट किए गए हैं उनमें बदलाव किए जाने चाहिए और जेड ए एल आर की धारा 143 के पूर्व प्रावधान यथावत रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि धारा 143 का उत्तराखण्ड में दुरुपयोग हो रहा है। अनूप थपलियाल ने कहा कि भू कानून की विस्तृत रूप रेखा बनाई जानी चाहिए।

किसी भी भूमि विक्रय पर सहखातेदारों को वरीयता का प्रावधान है मगर अधिकारी एक्ट का दुरुपयोग कर रहे हैं जिससे मूल निवासियों के लिए स्थिति जटिल हो गई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की भी रजिस्ट्रार कार्यालय अवहेलना कर रहे हैं।

धरना देने वालों में एडवोकेट पंकज भट्ट, एडवोकेट जगदीश चंद्र जोशी, आशीष मैंदोला, अतुल भट्ट, आशीष किमोठी, राजू मैंदोला, राजेंद्र सिंह, राजेंद्र कपटियाल, दीपक सिंह रावत, अनूप थपलियाल, अनिल जदली, महेंद्र बिष्ट, उम्मीद सिंह रावत, मुजीब नैथानी आदि शामिल थे।



तहसील में धरना देते पार्टी के सदस्य व पदाधिकारी

# पांच फरवरी से सरकार के खिलाफ आंदोलन करेगा उक्रांद



उक्रांद की बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता व पदाधिकारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ उत्तराखंड क्रांति दल ने पांच फरवरी से आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है। कहा कि प्रदेश की सत्ता में बैठी भाजपा केवल जनता का शोषण कर रही है।

शिब्बू नगर में उत्तराखंड क्रांति दल के संरक्षक व मार्ग निर्देशक बोर्ड के अध्यक्ष डा. शक्तिशैल कपरवाण की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति क्षेत्रीय जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन करता रहेगा। जनता का शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उक्रांद प्रदेश स्तरीय मुद्दों को उठाता रहेगा। भू कानून व मूल निवास को लेकर हल्द्वानी में हो रही महारैली को पूरा समर्थन देने का निर्णय लिया। बैठक में गोविंद डंडरियाल को कार्यक्रम कियान्वयन समिति का अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा राजेंद्र पंत को महानगर उपाध्यक्ष, सत्यपाल सिंह नेगी को महामंत्री, व रमेश चंद्र कोठारी को सहकारिता प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया। सतीश कुमार टम्टा को अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर जगदीपक सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत, सत्यप्रकाश भारद्वाज, सर्वेद्र काला, विनोद चौधरी, मेहरबान सिंह नेगी, भारत मोहन काला मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव, प्रस्तुतियों ने मोहा मन

जयन्त प्रतिनिधि कोटद्वारः कण्वघाटी स्थित श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। इसलिए उन्हें अपने बेहतर भविष्य के लिए जीवन का लक्ष्य तय करना चाहिए। इसके उपरांत बच्चों ने गढ़वाली, कुमाऊंनी, हिंदी सहित अन्य गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हें बच्चों की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने सबसे अधिक सराहा। प्रधानाचार्य केके बड़ोला ने बताया कि बच्चों के बेहतर विकास के लिए विद्यालय में समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इस मौके पर डा.आरपी ध्यानी, डीएम रतूड़ी, डा.ग्रीस उनियाल, अनुपम शर्मा, राकेश चौहान आदि मौजूद रहे।



एसजीआरआर कण्वघाटी के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी

## सोनला गांव में लगे नलों में पानी नहीं

चमोली। दशोली विकासखंड के सोनला गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्मित पेयजल योजना शुरुआत में ही दगा दे गई है। गांव में पानी की लाइन तो बिछा ली गई है, लेकिन नलों पर पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है।

गांव के 40 परिवारों ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर पेयजल कनेक्शन कटवाने की गुहार लगाई है। सोनला गांव में 180 परिवार निवास करते हैं। यहां जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2022 में 30 लाख की लागत से पेयजल योजना का निर्माण हुआ। लेकिन योजना पर घटिया निर्माण कार्य के चलते टैंक पहले ही साल में लीकेज होने लगे। साथ ही पाइप लाइनों को खुले में छोड़ दिया गया। नतीजन जगह-जगह लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीण कैलाश चंद्र, देव लाल, महेंद्र, सुरेंद्र, इंद्रलाल, आशीष, विमला, रमेशी देवी, मीना, कांति आदि का कहना है कि पेयजल लाइन पर पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। जल संस्थान की ओर से पानी के बिल भेजे जाने से पहले कनेक्शन कटवाने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी आजीविका कृषि और पशुपालन से ही चलती है। पानी की व्यवस्था करने के लिए उन्हें करीब आधा किलोमीटर दूर प्राकृतिक जलस्रोत पर जाना पड़ रहा है। इधर, जल संस्थान के सहायक अभियंता अरुण गुप्ता का कहना है कि सोनला गांव में पेयजल लाइन के वितरण में दिक्कतें आ रही हैं। अवर अभियंता को गांव में भेजा जाएगा। पेयजल लाइन के टैंक को भी दिखवाया जाएगा।

# क्लीन हिमालय कैंपेन ने चलाया स्वच्छता अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः क्लीन हिमालय कैंपेन के द्वारा रविवार को खिर्सू रोड स्थित हनुमान की मूर्ति स्थल पर सफाई अभियान चलाया गया। यह सफाई अभियान क्लीन हिमालयन के द्वारा हर रविवार को विभिन्न स्थलों में किया जा रहा है।

रविवार को हनुमान मूर्ति पर चलाए गए अभियान में लोगों ने जगह-जगह फैले कूड़े को एकत्र कर नष्ट किया। इस अभियान की शुरुआत साल 2016 में ग्राम चंदोला राई से हुई। अभियान के तहत कूड़े की समस्या को दूर करने के लिए पांच गांवों के सभी ग्रामीणों को कूड़ेदान और कूड़ा बैग वितरित किए गए, जिससे लोग अपने घर के कूड़े को अलग-अलग कर सकें। इस दौरान ग्रामीणों के बीच बहुत सारे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के संस्थापक हर्ष चंदोला ने बताया कि शहर में कूड़ा निस्तारण की सही व्यवस्था नहीं होने के चलते शहरवासी कूड़ा निस्तारण की समस्या से परेशान है। जिसको लेकर लोगों को जागरूक करने के साथ ही हर रविवार को सफाई अभियान चलाया जाता है। प्रयास है कि इसमें अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ा जाए। कहा कि वालंटियरों की मदद से सफाई के प्रयास को जारी रखने और अपने हिमालयी क्षेत्र को साफ करने के लिए सरकार के साथ काम करने की योजना बना रहे हैं। इस मौके पर मुकेश सिंह, रोमा भद्रा, अनूप सिंह, मनीष ममगाईं, अजय, सिद्धांत चंदोला आदि शामिल रहे।

# देवप्रयाग पौड़ी सड़क मार्ग की बदहाली पर भड़के स्थानीय लोग

नई टिहरी(आरएनएस)। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना से देवप्रयाग पौड़ी सड़क मार्ग की बदहाली पर कोट ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष व प्रधान अध्यक्ष ने नेतृत्व में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने रेलवे विकास निगम के खिलाफ नारेबाजी की। रविवार को कोट ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व प्रधान संघ अध्यक्ष विजय दर्शन बिष्ट की अगुवाई में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और लोगों ने बदहाल सड़क के सुधारीकरण न होने होने पर मुख्यमंत्री के पौड़ी दौरे के दौरान उनके घेराव की चेतावनी भी दी। रेलवे परियोजना के तहत नगर पालिका देवप्रयाग के वार्ड चार स्थित सौड़ में सुरंग का निर्माण चल रहा है, प्रधान संघ के अध्यक्ष विजय दर्शन बिष्ट ने कहा कि परियोजना का भारी सामान लदे बड़े बड़े ट्रकों के कारण उक्त सड़क की स्थिति करीब 10 किमी. तक खस्ताहाल हो चुकी है। सड़क पर पड़े भारी गड्ढों के कारण आये दिन दिन दुर्घटनायें हो रही हैं, लेकिन रेलवे विकास निगम इसकी लगातार अनदेखी किये हुए है। कहा लगातार धूल उड़ने से सौड़ गांव वासियों और उक्त सड़क से गुजरने वाले यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। आक्रोशित लोगों मौके पर मनाने रेलवे अधिकारी पहुंचे, लेकिन क्षेत्रवासी उनके खिलाफ लगातार नारेबाजी करते रहे। क्षेत्रवासियों के भारी विरोध को देखते रेलवे अधिकारियों द्वारा सड़क मरम्मत का लिखित आश्वासन दिया गया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। प्रधान संगठन के अध्यक्ष ने कहा कि जल्द मामले का निस्तारण नहीं होता है, तो समस्त कोट ब्लॉक की जनता आंदोलन के लिये बाध्य होगी। मौके पर मोहित सिंह, जिपंस कुलदीप रावत, प्रतीक बिष्ट, आयुष भंडारी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजेश भंडारी, अंकित सुंदरियाल, भरत सिंह, देवेंद्र, शुभम उपाध्याय, संघर्ष बिष्ट आदि शामिल थे।

## एक नजर

### केपी इलेवन ने जीता क्रिकेट का फाइनल मुकाबला

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः कोट के खेल मैदान में आयोजित कोट प्रीमियर लीग क्रिकेट का फाइनल मुकाबला केपी इलेवन ने जीत लिया। केपी इलेवन ने श्रीनगर एफसी को 11 रनों से हरा दिया।

कोट के खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला केपी इलेवन व श्रीनगर एफसी के बीच खेला गया। केपी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 136 का लक्ष्य श्रीनगर एफसी को दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीनगर एफसी की टीम 125 रन ही बना सकी। केपी इलेवन ने 11 रनों से मैच जीता। इस मौके पर मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता आनंद सिंह नेगी ने आयोजक युवाओं की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों पर जोर दिया।इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष उपेंद्र रावत, सचिव अक्षय रावत, अमन नयाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख कोट सुनील लिंगवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर आर्य, जगमोहन, विजय दर्शन बिष्ट, वीरेंद्र नायल, प्रकाश नेगी, देवेंद्र रावत, हिमांशु नेगी, सुरेंद्र रावत नवीन ,सचिन, कुलदीप, साबर बिष्ट, अशोक, विकास, गोलू आदि शामिल रहे।

### मारपीट का आरोप, महिला चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में मरीज से मारपीट करने वाली एक महिला चिकित्सक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि घटना 13 जनवरी की है। कोटद्वार निवासी महिला की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि वह अस्पताल में उपचार के लिए गई हुई थी। जहां महिला चिकित्सक डा.कोमल कन्नौजिया ने उनसे अभद्रता करते हुए मारपीट की। बताया कि मामला चिकित्सक से जुड़े होने के कारण पहले इसकी जांच की गई। जिसमें महिला के आरोप सही पाए गए। जिसके आधार पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### एलएलबी की परीक्षा 3 और 7 फरवरी को रहेगी स्थगित

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि की एलएलबी तृतीय बीएएलएलबी सप्तम और बीए एलएलबी नवे सेमेस्टर की 3 फरवरी और 7 फरवरी को होने वाली परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है। गढ़वाल विवि के परीक्षा नियंत्रक डा. एचएम आजाद की ओर से जारी नोटिफिकेशन में बताया गया कि 3 फरवरी एवं 7 फरवरी को होने वाली एलएलबी तृतीय, बीएएलएलबी सप्तम और बीए एलएलबी नवे सेमेस्टर की परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त दिवस की परीक्षाएं 26 फरवरी और 27 फरवरी को 2 बजे से 4 बजे की पाली में आयोजित की जायेगी। वहीं अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर स्थगित की गई गढ़वाल विवि की परीक्षा के लिए परीक्षा तिथि तय हो गयी है। बीकॉम प्रथम एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षा 3 फरवरी को आयोजित की जायेगी। जबकि बीबीए, बीसीए, बीएससी आईटी, बीए मास कॉम, एमबीए (आईबी), एमबीए (एचआर), एमबीए, बीएचएम, एमबीए (टीटीएम), एमए योगा, बीएससी योगिग एवं डिप्लोमा योगिक, आईबीटीसी, एमसीए, एमएससी (आईटी), एमएससी(सीएस), बीफार्मा, एमबीए (एफएम), बीटेक की मुख्य एवं बैक परीक्षा आगामी 20 फरवरी को आयोजित की जायेगी। साथ ही बीए, बीएससी प्रथम एवं पंचम सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षा आगामी 24 फरवरी को आयोजित की जायेगी।

### विश्व विद्यालय के खिलाफ जारी छात्र संगठन का आंदोलन हुआ समाप्त

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः श्री देव सुमन विवि प्रशासन द्वारा राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार के वंदे मातरम छात्र संगठन की मांग को मान लेने के बाद छात्रों ने अपनी भूख हड़ताल समाप्त कर दी है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. एम डी कुशवाहा ने शनिवार देर शाम को आंदोलनरत छात्रों को जूस पिलाकर उनकी भूख हड़ताल समाप्त कराई।राजकीय महाविद्यालय के छात्र पोस्ट ग्रेजुएशन प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा तिथि बढ़ाने, समर्थ पोर्टल पर आ रही समस्याओं को दूर करने व छात्रों से लिए गए अतिरिक्त पंजीकरण शुल्क को वापस करने की मांग को लेकर छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल के नेतृत्व में भूख हड़ताल पर बैठे थे। छात्रों के आंदोलन को देखते हुए विवि प्रशासन ने परीक्षा तिथि एक सप्ताह आगे बढ़ा दी। छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि विवि प्रशासन ने परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की तिथि में बदलाव कर दिया है। अब परीक्षाएं एक सप्ताह बाद होंगी। वहीं समर्थ पोर्टल को भी खोल दिया गया है। इस अवसर पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हिमांशु बहुखंडी, अंकुश घिल्डियाल, शुभम सुयाल और पारस नेगी आदि छात्र मौजूद रहे।

### सेब से जुड़े काश्तकारों को किया सतर्क

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी: वर्तमान समय में उत्तरकाशी के प्रसिद्ध हर्षिल क्षेत्र में स्कैब महामारी के फैलने पर जिला उद्यान अधिकारी ने जिले के सेब काश्तकारों को सतर्क रहने की अपील की है। जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी ने बताया कि वर्तमान समय में उत्तरकाशी के प्रसिद्ध हर्षिल क्षेत्र में स्कैब महामारी फैली हुई है। जिसके कारण सीमा से लगे जनपदों में भी इस महामारी के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। कहा कि यह रोग हवा के माध्यम से तीव्र गति से फैलने वाला है। जिससे सेब बागवानों की पूरी फसल रातों रात नष्ट होने की आशंका बनी रहती है। कहा कि सेब बागवानों को इससे बचने के लिए अपने सेब के बगीचों में 5 प्रतिशत यूरिया प्रति 1 हजार लीटर पानी में जलीय घोल का छिड़काव से पौधों की पत्तियों के ऊपरी एंव निचली सतह पर करने से सेब के पौधों को बचाया जा सकता है। कहा कि सेब के पौधों के नीचे गिरी हुई व आसपास फैली हुई रोग ग्रसित पत्तियों को भी एकत्रित कर यूरिया का छिड़काव करें जिससे रोगग्रस्त पत्तियां सड़कर नष्ट हो जाए।

### गुरुराम राय कॉलोनी में पानी का संकट

चमोली। गैरसैंण नगर पंचायत के वार्ड -6 कोलियाणा के गुरुराम राय कालोनी में कई दिनों से जल संकट बना हुआ है। जिससे स्थानीय उपभोक्ता खासकर महिलाएं परेशान हैं। इस संबंध में कालोनी का महिलाओं ने गत शनिवार को पानी का संकट दूर करने के लिए एसडीएम एवं तहसीलदार की अनुपस्थिति में तहसील कर्मी को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं का कहना था कि उनकी कॉलोनी में कई दिनों से पेयजल संकट बना हुआ है लेकिन अवगत करने के बाद भी जल संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी समस्या का हल करने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं। महिलाओं ने पेयजल समस्या का शीघ्र हल न होने की दशा में आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# सुदूरवर्ती गांव घूनी रामणी में आयोजित हुआ बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता शिविर





चमोली। चमोली विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रविवार को जनपद के दूरस्थ गांव घूनी रामणी के राइका चौनघाट में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर 365 से अधिक ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही प्राधिकरण ने विधिक साक्षरता एवं जागरूकता के तहत पॉक्सो अधिनियम, महिला सुरक्षा, बाल अधिकार, नशा मुक्ति, साइबर अपराध सहित विभिन्न विधिक कानूनों की जानकारी दी।

राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज चौनघाट में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर का शुभारंभ सिविल जज (सीडी) व विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सिमरनजीत कौर ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने ग्रामीणों को प्राधिकरण की जानकारी देते हुए कहा की विधिक साक्षरता शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य हर कमजोर वर्ग के व्यक्ति तक सरलता से न्याय पहुंचाना है और ह्न्याय चला निर्धन की ओरह्व की सार्थकता को सिद्ध करना है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण समाज के प्रत्येक व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए कार्य कर रहा है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को पॉक्सो अधिनियम और वरिष्ठ नागरिक अधिनियम की भी विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण भी किया।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 180 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरित की गई। इस दौरान विभाग की ओर से 50 आभा और 50 आयुष्मान कार्ड निर्गत किए गए।

होम्योपैथी विभाग ने 73, आयुर्वेद विभाग ने 76 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया। पूर्ति विभाग की ओर से 25 ग्रामीणों को राशन कार्ड का सुधारीकरण किया। समाज कल्याण विभाग की ओर से 17 लोगों को विभिन्न योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन की जानकारी दी गई। विधिक प्राधिकरण के स्टाल पर ग्रामीणों ने 200 से अधिक शिकायतें दर्ज की।

## सेंट एंथोनी के छात्र प्रधानमंत्री परीक्षा कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे

नई टिहरी। सेंट एंथोनी पब्लिक स्कूल के दो छात्रों के मॉडल को केरल में संपन्न हुई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के उत्तर क्षेत्र में पहला स्थान मिला है। प्रदेश स्तर पर भी छात्रों के मॉडल सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया था। 29 जनवरी को नई दिल्ली में होने वाले प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में दोनों छात्र हिस्सा लेंगे। नई टिहरी के ढुंगीधार स्थित सेंट एंथोनी पब्लिक स्कूल के निदेशक गौतम बिष्ट ने बताया कि कक्षा 12वीं के छात्र प्रियांशु गुसाईं और अभिषेक बेलवाल का विज्ञान मॉडल वाईफाई कार बीते सप्ताह केरल में संपन्न हुई, राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में उत्तरी क्षेत्र में पहले स्थान मिला है। बताया उक्त कार का मॉडल वाइफाइ के जरिए कार की स्पीड, लोकेशन आदि के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। बताया बाल विज्ञान कांग्रेस सहित विज्ञान महोत्सव में दोनों छात्रों के मॉडल को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया था। 29 जनवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में संपन्न होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम हेतु दोनों छात्रों का फ्यूचर टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट के तहत चयन हुआ है। शनिवार को दोनों छात्र परीक्षा कार्यक्रम हेतु दिल्ली रवाना हो गए हैं। छात्रों की उपलब्धि पर विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल सेमल्टी, शिक्षक दाताराम जुयाल, अनीता राणा, अनुराधा बधानी, राजीव रावत,रघुवर गुसाईं, रविंद्र चौहान,राजी रावत,जगदीश झल्डियाल, अरविंद रावत आदि ने खुशी जताई है।

## जिला सूचना कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शनिवार को जिला सूचना कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित संवाद गोष्ठी में जिलाधिकारी ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकारों का बहुत बड़ा योगदान था। लोग मीडिया को बड़ी आशा भरी निगाहों से देखते थे।

भारतीय संविधान के मूलभूत अधिकारों के अंतर्गत विचार एवं अभिव्यक्ति की आजादी दी गई है। इसी के अंतर्गत प्रेस को भी पूरी स्वतंत्रता प्रदत्त है। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज का दर्पण होता है। रोजमर्रा के जीवन में मीडिया से बहुत सी बातें जानने और सुनने को मिलती है। इससे सभी को सीखने और कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि देश और राज्य के विकास के लिए प्रेस और प्रशासन के संबंधों को सशक्त होना आवश्यक है। जनपद में प्रेस और प्रशासन के संबंधों को सशक्त बनाने और मीडिया को बेहतर सुविधाएं देने हेतु आज जिला सूचना कार्यालय भवन का उद्घाटन किया गया है। इस अवसर पर प्रभारी जिला सूचना अधिकारी रवेन्द्र सिंह ने समस्त प्रेस प्रतिनिधियों की ओर से जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ प्रेस प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को स्मृति चिह्न एवं पुस्तक भेंट करते हुए उनका स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी पत्रकार, मीडिया प्रतिनिधि , सूचना विभाग और अन्य विभागों प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## राइंका बूरा में शिक्षकों का संकट

चमोली। दूरस्थ क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज बूरा में शिक्षकों के अधिकांश पद रिक्त चल रहे हैं। लेकिन अब शिक्षा विभाग ने विद्यालय में तैनात व्यायाम शिक्षक का भी तबादला कर दिया है, जिससे अभिभावकों में आक्रोश है। उन्होंने मुख्य शिक्षाधिकारी को ज्ञापन भेजकर तबदला रुकवाने की मांग की है। अभिभावकों का कहना है कि 18 जनवरी को अपर निदेशक माध्यमिक के आदेश पर व्यायाम शिक्षक राकेश कुमार का तबादला अन्यत्र कर दिया गया। विद्यालय में शिक्षकों की कमी होने के चलते व्यायाम शिक्षक अपने कार्यों के साथ पठन पाठन का कार्य भी संपन्न करवाते हैं। अभिभावकों का प्रतिनिधि मंडल 20 जनवरी को निदेशक माध्यमिक शिक्षा से मिला जिसमें निदेशक ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। अभिभावकों ने मुख्य शिक्षा अधिकारी से शिक्षक को कार्यमुक्त न करने की मांग की है। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में प्रवक्ता के नौ में से आठ पद रिक्त हैं। जबकि एलटी में सात में से दो रिक्त हैं। साथ ही लिपिक के तीन और परिचारक के पांच पद स्वीकृत हैं और सभी रिक्त चल रहे हैं।

## अगस्त्यमुनि में आयोजित भव्य रोड शो मुख्यमंत्री धामी ने किया प्रतिभाग

**–हज़ारों की संख्या में स्थानीय जनता ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत**



रुद्रप्रयाग। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर रुद्रप्रयाग पहुँचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्राचीन देवल से अगस्त्यमुनि के खेल मैदान तक आयोजित विशाल रोड शो कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

इस दौरान यहां हजारों की संख्या में स्थानीय जनता ने मुख्यमंत्री धामी का स्वागत किया। रोड शो में मुख्यमंत्री के साथ विधायक भरत चौधरी, विधायक केदारनाथ शैला रानी रावत, ज़िलाध्यक्ष भाजपा महावीर पवार मौजूद रहे।

## दिव्यांगजन सहायता शिविर 271 जरूरतमंद व्यक्तियों को मिला लाभ

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दून विहार के राधाकृष्ण मंदिर में दिव्यांगजन सहायता शिविर का शुभारंभ रिबन काटकर किया। शिविर का आयोजन मसूरी विधायक व कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के जन्मदिवस(31 जनवरी) को भाजपा मसूरी विधानसभा कार्यकर्ताओं द्वारा मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शिविर में आंख, कान की जांच सहित चश्मे, कान की मशीन, छड़ी, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर जैसे जरुरतमंद उपकरण दिव्यांगजनों को प्रदान किये। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि 65 लाख की लागत से दून विहार में सामुदायिक भवन का निर्माण होगा। 75 लाख की लागत से रेड़ी ठेली वालों के लिए वेंडर जोन बनाया जायेगा। मंत्री ने उनके जन्मदिवस को पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा सप्ताह के रूप में मनाने पर कार्यकर्ताओं का आभार जताया। इससे पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के साथ दून विहार के बूथ संख्या 51 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 109 वें संस्करण को सुना। राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन संस्थान व एलिन्को के सहयोग से हुए दिव्यांगजन सहायता शिविर में 3 ट्राईसाइकिल, 14 व्हील चियर, 35 छड़ी, 12 बैशाखी, 167 चश्मे व 50 कान की मशीन जरूरतमंद व्यक्तियों को निशुल्क प्रदान की गयी।

## वन विभाग की टीम ने प्रतिबंधित देवदार की लकड़ी से लदा वाहन किया सीज

विकासनगर। चकराता वन प्रभाग अंतर्गत रिखनाड़ रेंज के नाड़ा वन क्षेत्र में शनिवार रात नियमित गश्त के दौरान वन विभाग की टीम ने देवदार की लकड़ी से लदे लोडर को पकड़ कर सीज कर दिया जबकि आरोपी चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। तलाशी लेने पर लकड़ी के परिवहन से संबंधित कोई कागजात नहीं मिले।

वाहन में देवदार के 12 स्लीपर लदे थे। वन विभाग की टीम ने लकड़ी जब्त कर वाहन को सीज कर दिया है। रेंज अधिकारी ने बताया वन क्षेत्र के अंतर्गत नियमित तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि एक वाहन में देवदार की लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलने पर टीम ने घेराबंदी शुरू कर दी थी। दो घंटे तक इंतजार करने के बाद वाहन को पकड़ लिया गया। हालांकि वाहन चालक फरार हो गया है। बताया कि भारतीय वन अधिनियम के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सीज कर दिया गया है। टीम में वन दरोगा अर्जुन सजवाण, वन बीट अधिकारी शुभम, सोमपाल, गोविंद पंवार शामिल रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी के मन की बात

विकासनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक सहदेव पुंडीर के साथ तिपरपुर में सामूहिक तौर पर सुना। विधायक ने कहा प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में इस बार आयुष चिकित्सा पद्धति का महत्व, गणतंत्र दिवस समारोह, प्रभु राम जी का शासन सहित देश की विभिन्न उपलब्धियों से अवगत करवाया।

उन्होंने विशेष तौर पर खिलाड़ियों और नवमतदाताओं का उत्साहवर्धन भी किया। कहा, मन की बात हमें राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक सोच के साथ भागीदारी के लिए



सदैव प्रेरित करता है। यह कार्यक्रम देश के उन लोगों से परिचय कराता है जो विभिन्न क्षेत्रों में उचित कार्य करके देश के उत्कृष्ट विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहें हैं।

# सम्पादकीय

## प्रदर्शन सुधारने की चुनौती

*उत्तराखंड में कांग्रेस के डगमगाते पैरों को मजबूती प्रदान करने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे देहरादून पहुंचे हैं, लेकिन कांग्रेस की अपनी कुछ अंदरूनी ऐसी समस्याएं हैं जिनका हल निकाले बिना लोकसभा चुनाव में टिकना आसान नहीं होगा। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद तो यह स्पष्ट हो गया था कि अन्य राज्यों की तरह उत्तराखंड में भी कांग्रेस कमजोर होती जा रही है और इन परिस्थितियों में किस प्रकार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस मजबूत दावा पेश करेगी? शायद यही कारण है कि उत्तराखंड में लोकसभा की पांच सीटों पर कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के लिए कांग्रेस हाई कमान अब प्रयासरत दिखने लगा है, हालांकि उत्तराखंड के अंदर भाजपा का वोट बैंक कांग्रेस के इन प्रयासों पर पानी फेर सकता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जिन मुद्दों को लेकर आज उत्तराखंड पहुंचे हैं उनमें उनकी प्रखरता अधिक नजर नहीं आई, खास तौर से अंकिता हत्याकांड प्रकरण को लेकर उनके पास बताने के लिए अधिक कुछ नहीं था, लिहाजा उन्होंने राज्य सरकार पर हत्या करने वालों को ना पकड़ने का आरोप लगाया, या फिर यह कह सकते हैं कि संरक्षण देने का आरोप लगाया। खैर एक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते उनकी यह नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है कि वह अपने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए हर प्रयास करें, और वही काम करने के लिए देहरादून आए हैं। संगठन के स्तर पर देखें तो कांग्रेस आज की स्थिति में बहुत कमजोर नजर आती है, खास तौर से चुनावों की रणनीति कहें या फिर सड़कों पर जनता के आम मुद्दों से जुड़े पहलुओं पर संघर्ष की वह धार कांग्रेस और उसके नेताओं में अब नजर नहीं आती। भाजपा तो पहले ही लोकसभा चुनावों का शंखनाद कर चुकी है, लिहाजा कांग्रेस अध्यक्ष के दौरे के साथ ही उत्तराखंड कांग्रेस भी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अब कमर कसेगी। पिछले कुछ समय में विभिन्न चुनावों में कांग्रेस को काफी कुछ खोना पड़ा है, एक उम्मीद के तहत "इंडिया" गठबंधन की नींव रखी गई थी लेकिन उसका भी क्या हश्र हो रहा है वह पूरा देश देख रहा है। सवाल यह उठता है कि अपने अकेले दम पर कांग्रेस अब कैसे राज्यों में खुद को बनाए रखेगी और लोकसभा चुनाव में भाजपा के विजय रथ को रोकने में क्या रणनीति लेकर आगे बढ़ेगी? उत्तराखंड में लोकसभा की 5 सीटें हैं और इन पांचों पर अभी भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। सिलेंडर और गांधी परिवार के त्याग की बातें करके चुनाव में कोई अधिक हासिल कांग्रेस को हो सकेगा यह जरा मुश्किल ही नजर आता है, हां इतना जरूर है कि पहाड़ों की भौगोलिक परिस्थितियों एवं आम जनता से जुड़े मुद्दों पर यदि कांग्रेस उत्तराखंड के लोगों को खुद से जोड़ने में सफल रही तो शायद पार्टी के नेता थोड़ा प्रदर्शन सुधार सके।*

## पीरियड्स में चॉकलेट खानी चाहिए या नहीं? क्या सच में दर्द से मिलती है राहत?

ज्यादातर महिलाओं को पीरियड्स के दौरान काफी ज्यादा दर्द का एहसास होता है. पेट, कमर और जांघों में होने वाले दर्द इतने ज्यादा होते हैं कि पूरा शरीर अकड़ जाता है. कुछ महिलाएं दर्द से छुटकारा पाने के लिए पीरियड्स पेन किलर टेबलेट तक का इस्तेमाल करती हैं, जबकि कुछ महिलाएं चॉकलेट का सहारा लेती हैं. कई महिलाएं ऐसा मानती हैं कि पीरियड्स में चॉकलेट खाने से उन्हें काफी हद तक दर्द से राहत मिलती है. चॉकलेट उन फूड आइटम्स में से एक है, जिसे महिलाएं पीरियड्स के दौरान खाना सबसे ज्यादा पसदं करती हैं. आमतौर पर डार्क चॉकलेट पीरियड के दर्द को दूर करने के लिए जानी जाती है. क्योंकि इसमें कोकोआ बीन्स होते हैं, जो फ्लेवोनोइड्स का एक अच्छा सोर्स है.

**चॉकलेट और पीरियड्स**

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि हार्मोनल चेंजेज होने के कारण ही इस तरह के फूड आइटम को लेकर क्रेविंग होती है. पीरियड्स में इस खाने से एक पल के लिए राहत भी मिलता है. यही वजह है कि ज्यादातर महिलाओं को पीरियड्स के दौरान चॉकलेट खाने की तलब लगती है.एक स्टडी के मुताबिक, कॉलेज में 28.9 प्रतिशत महिलाओं ने अपने पीरियड्स के दौरान चॉकलेट खाने की इच्छा की बात कबूली है. चॉकलेट की क्रेविंग पीरियड्स के आने से लगभग 4 दिन पहले शुरू होती है और खत्म होने तक चलती है.

डार्क चॉकलेट पीरियड्स के लिए एक अच्छी चॉकलेट समझी जाती है. इसमें जरूरी विटामिन और मिनरल्स होते हैं, जो पीरियड्स के दर्द को कम करने में मदद करते हैं. महिलाओं में पीरियड्स से ठीक पहले इन्हें खाने की इच्छा पैदा होती है. पीरियड्स के दौरान भी वो इन्हें खाना पसंद करती हैं.

**पीरियड्स के दौरान क्यों खानी चाहिए चॉकलेट**

रिपोर्ट के मुताबिक, चॉकलेट खाने से महिलाओं का मूड अच्छा रहता है और वे खुश महसूस करती हैं. डार्क चॉकलेट में सेरोटोनिन, एक एंटीडिप्रेसेंट होता है, जो आपको आराम पहुंचाने में मदद करता है. डार्क चॉकलेट में शामिल फ्लेवनॉल्स मूड को बेहतर बनाने और आनंदमयी अनुभूति देने का काम करता है.

2. चॉकलेट पीरियड्स के दौरान महिलाओ में पैदा होने वाले तनाव को कम करता है. पीरियड्स के कारण होने वाले दर्द की वजह से घर के काम या अन्य कार्यों को करने में कठिनाई महसूस होती है. चॉकलेट, कोर्टिसोल के लेवल को कम करती है, जो एक तनाव पैदा करने वाला हार्मोन है.

3. चॉकलेट पीरियड क्रैम्प्स की समस्या को दूर करने में मददगार है. कई महिलाओं को पीरियड्स के दौरान असहनीय दर्द होता है. चॉकलेट उन क्रैम्प्स का सबसे अच्छा सॉल्यूशन है. डार्क चॉकलेट में फिनोल और फ्लेवोनोइड्स जैसे एंटीऑक्सिडेंट होते हैं.

# समाज में दलबंदी

**शंकर शरण**

कवियित्री महादेवी वर्मा ने दशकों पहले पाया था कि हमारे बीच जाति–भेद से भी अधिक घातक पार्टी–बाजी भेद है। सो यदि हमारे नेता मंदिरों को दलीय लाभ–हानि के मंसूबे से जोड़ेंगे तो सभ्यतागत शत्रु ताक में बैठे हैं। यहाँ जो जिहादी ध्वंस 1921, 1947, 1990 आदि में बड़े पैमाने पर, और छोटे पैमाने पर अनवरत होता रहा है, वह करने वाले हिन्दुओं के अज्ञान, अहंकार, और भेदभाव से और उद्धत बनते हैं।आज हिन्दू समाज में दलबंदी की सनक से ही अज्ञान और दुराव बढ़ रहा है।?

कविगुरु टैगोर ने देखा था कि हमारे क्रियाकलापों में मुख्य को उपेक्षित कर गौण को महत्व देने की प्रथा है। उन के शब्दों में, 'देवता से अधिक पंडे की पूजा' होती है। उस अवलोकन के सौ बरस बाद हम एक सीढ़ी और नीचे आ गये हैं। अब पंडे भी पीछे भगाए जा रहे हैं! मंदिरों, चढ़ावों पर राजकीय कब्जा है (जो अंग्रेजों ने भी नहीं किया था)। आसन पर राजदलीय लोग ही कर्ता–धर्ता, पुरोहित–यजमान सब खुद बन बैठे हैं। उन के ऊपरी नेता परमपूज्य, परमाचार्य हो गये हैं। शेष समाज, उन के चरणों में दरस–परस पाकर अपने को धन्य समझे तो ठीक। वरना गालियाँ सुनने को तैयार रहे!

अभी अनेक सोशल मीडिया पोस्टरों में 'श्रीराम' शब्द पार्टी–प्रचार करने हेतु सजावट की चीज बना दिया गया है। उस में एक दल का नाम मोटे–मोटे अक्षरों में केंद्र में है। उस के चारों तरफ फ्रेम की तरह श्रीराम श्रीराम लिखा हुआ है। इसे किसी का निजी उत्साह समझना क्षणिक संतोष है। स्वतंत्र भारत में हमारे नेताओं, दलों ने क्रमशः जो 'सेक्यूलर', 'प्रगतिशील' शिक्षा दी है, यह उसी का सामान्य परिणाम है। हमारे महान ज्ञान–ग्रंथ, और देवी–देवता या तो अंधविश्वास, मिथ्या, या फिर पार्टीबंदी के उपयोग के निमित्त मात्र हैं।

स्वतंत्रता के छिहत्तर सालों में यही हमारी प्रगति है! हमारे बड़े–बड़े नेता जो करते हैं, उस की जिम्मेदारी लेने का भी कलेजा नहीं रखते! किसी न किसी कंधे या झूठ के पीछे अपनी करनी छिपाते हैं। इसी को उन के लाखों अनुयायी होशियारी और सही मानते हैं।

इस से आज हिन्दू धर्म समाज की स्थिति समझें। अनेक नैतिक कुरीतियों की तरह इस का आरंभ भी गाँधीजी से, उन्हें 'जीसस' और 'बुद्ध' बताकर, आडंबरी प्रेम–अहिंसा के मतवाद में खुद झूमने से हुआ था। गाँधी के खलीफत–प्रेम और उसी फलक्रम से देश–विभाजन में लाखों निरीह लोगों की तबाही के बाद भी किसी को महापुरुष मान, सब कुछ उस पर छोड़, राम–राम करते जीने की विवशता यथावत है। अधिकांश दल वही मॉडल चला रहे हैं। तब आगे क्या होगा?

वही, जो स्मृतिकार ने नोट किया था: "यदि नात्मनि पुत्रेषु न चेत्पुत्रेषु नप्तृषु। न त्वेव तु कृतोऽधर्मः कर्तुर्भवति निष्फलः।' (मनुस्मृति,4.173)। पाप कभी निष्फल नहीं होता। यदि कर्ता के जीवन काल में नहीं तो उस के पुत्रों, या नातियों–पोतों को अवश्य फलता है। सामाजिक क्षेत्र में इस का आशय सामूहिक कर्मफल है। अच्छा भी, बुरा भी। उद्योग, चिकित्सा, आदि में उचित कर्म का फल आज समाज में बढ़ी हुई औसत आयु है। पर राजनीति में आडंबरी त्याग, अहिंसा का अनर्थ, अनुत्तरदायी महानता, आदि कुनीतियों का फल भी समाज को लगातार भोगना पड़ा। चाहे, पहले गाँधीजी और उन का दल भी खूब फलते–फैलते दिखे थे। वहीं यह भी लिखा है: 'अधर्मेणैधते तावत् ततो भद्राणि पश्यति। ततः सपत्नान् जयति समूलस्तु विनश्यति। (4.174)। अधर्मी पहले बढ़ता हुआ एवं शत्रुओं पर विजय प्राप्त करता दिखता है परन्तु, अंततः समूल नष्ट हो जाता है।

इसीलिए उपनिषदों से लेकर महाभारत तक सभी ज्ञान–ग्रंथों में धर्म रक्षा और पालन का आदेश दृढ़ता से दिया गया है।? महाभारत और मनुस्मृति, दोनों में कठोर चेतावनी है: 'धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः। तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्मो हतोऽवधीत्।' (वनपर्व, 313.128)। अर्थात् मरा हुआ धर्म मारने वाले का नाश, और रक्षित किया हुआ धर्म रक्षक की रक्षा करता है। इसलिए धर्म का हनन कभी न करो, ताकि मारा हुआ धर्म हमें न मार डाले।

वस्तुतः गत हजार वर्षों में हिन्दू भारत के निरंतर पतन को समझने की कुंजी इसी चेतावनी में है। सदियों से यहाँ धर्म के नाम पर अधर्म तथा कोरा अनुष्ठान बढ़ता गया। वर्ण–कर्म को जड़–व्यवस्था में बदल कर समाज को अलग–अलग बाँट लिया गया। जिस हिन्दू ज्ञान ने 'तत्वम् असि' का महामंत्र खोजा, तथा 'आत्मवत् सर्वभूतेषु' की शिक्षा दी थी, वह आपसी अहंकार, दुराव के आचरण को धर्म समझने लगा! सदियों से छुआ–छूत, ऊँच–नीच (जिस में अब पार्टीबंदी की ऊँच–नीच भी जुड़ गई) झ इस का सब से लज्जास्पद दृश्य है।

उसी से विधर्मियों को अवसर मिला। जैसे घाव में मक्खी को मिलता है। क्षत्रियों का शौर्य धर्म–शत्रुओं की कुटिलता, निर्भीक कटिबद्धता का प्रतिकार करने में अपर्याप्त रहा। नये प्रकार के शत्रुओं के मतवाद, उद्देश्य तथा तरीकों, आयुधों के प्रति नासमझी, और आपसी भेद–भाव हमारे अज्ञान के ही विविध पहलू थे।

हिन्दू समाज रामायण और महाभारत की महान? शिक्षाओं से दूर होता गया। जिन में हर पन्ने पर धर्म और न्याय के लिए अडने, लडने, और उस के लिए प्राण देने को तैयार रहने की सीख है।

यही कारण है कि मुलतान, लाहौर से सोमनाथ तक, सैकड़ों भव्य मंदिरों में स्थापित देवता, अनुष्ठान, आदि हमारे समाज की रक्षा नहीं कर सके। वे कर ही नहीं सकते थे! क्योंकि धर्म की हमारी समझ विकृत हो चुकी थी।

कवि अज्ञेय ने लिखा है: 'मंदिरों में कहाँ कुछ होता है!' भक्त को पूजा–अराधना उतनी ही फलती है जितना वे ज्ञान, भक्ति सहित समुचित कर्म का अर्घ्य देते हैं। सिंध, पंजाब, कश्मीर, बंगाल के हिन्दू–सिख इस के वर्तमान उदाहरण हैं। सौ साल पहले उन के हजारों भव्य, सुंदर मंदिरों में विधिवत् पूजा, अर्चना, कथा, पाठ, आदि तो चल ही रहे थे। किन्तु निर्भीक, कटिबद्ध, कुटिल जिहादियों से वे सज्जन लोग अपनी रक्षा नहीं कर सके। क्योंकि समाज झूठे मतवादों से भ्रमित होकर वाल्मीकि और व्यास की ओजस्वी शिक्षा से कब का दूर हो चुका था! वह भूल गया कि राम, कृष्ण जैसे दैवी अवतारों को भी कदम–कदम पर राक्षसों, आततायियों से सीधे लडना पड़ा था। पर अपनी ही नीतियों के दायित्व से भागने वाले आडंबरी नेता यह सत्य झुठलाते रहे कि अधर्म से लडने, अधर्मियों को मिटाने, और समाज रक्षा की सशस्त्र व्यवस्था करना–रखना, और उस के लिए राजनेताओं द्वारा समुचित निर्भीक कर्म करना अनिवार्य है।

इसीलिए, आधुनिक मनीषियों ने भी मंदिर को धर्म की प्रथम सीढ़ी मात्र कहा है। स्वामी विवेकानन्द ने तो मंदिर को धर्म की 'निकृष्टतम' पहली सीढ़ी कहा। मंदिर में देव–प्रतिमा स्थापना भी उसी निम्नतम श्रेणी में है। असल बात उस के बाद आरंभ होती है झ आचरण, धर्म प्रसार, अधर्म के नाश, और प्रजा–रक्षा के लिए सदैव प्रस्तुत रहना! यही संपूर्ण रामायण और महाभारत की एक मूल शिक्षा है।

अतः वे सावधान रहें जो एक मंदिर बिल्डिंग बनाने, और पार्टी–बंदी से अन्य हिन्दुओं को ही नीचा दिखाने में उत्साहित हैं। कवियित्री महादेवी वर्मा ने दशकों पहले पाया था कि हमारे बीच जाति–भेद से भी अधिक घातक पार्टी–बाजी भेद है। सो यदि हमारे नेता मंदिरों को दलीय लाभ–हानि के मंसूबे से जोड़ेंगे तो सभ्यतागत शत्रु ताक में बैठे हैं। यहाँ जो जिहादी ध्वंस 1921, 1947, 1990 आदि में बड़े पैमाने पर, और छोटे पैमाने पर अनवरत होता रहा है, वह करने वाले हिन्दुओं के अज्ञान, अहंकार, और भेदभाव से और उद्धत बनते हैं।

आज हिन्दू समाज में दलबंदी की सनक से ही अज्ञान और दुराव बढ़ रहा है।? तरह–तरह के अल्पसंख्यक, पिछड़ा, विशिष्ट, आदि समूह बनाकर ईर्ष्या–द्वेष और पार्टी–बंदी बढ़ाई जा रही है?। विविध नारेबाजियों को शिक्षा–पाठ बनाकर बच्चों, युवाओं को चौपट किया जा रहा है। हिन्दू मंदिरों और शिक्षा पर राजकीय अधिकार है। जबकि गैर–हिन्दू संस्थान राजकीय हस्तक्षेप से स्वतंत्र हैं!

ऐसा अधर्म, अन्याय और इस से बढ़ती दुर्बलता झेलते हिन्दू समाज को दलबंदी की अफीम से मस्त रखा जा रहा है। इस की भरपाई कथित विकास, या तीर्थों में भीड़ नहीं कर सकती। वह भीड़ भेड़–बकरियों के झुंड से अधिक कुछ नहीं। इसे हिन्दू धर्म के शत्रु बेहतर समझते हैं।

पर अधिकांश नेताओं, बौद्धिकों के लिए पार्टी–प्रचार ही आदि–अंत बन गया है। यह सब 'अधर्मेण समूलस्तु विनश्यते' की दिशा है, अथवा ऊपरी बाढ़ के नीचे कोई नई भूमि भी? इस का सही साबित होने वाला उत्तर पाना असंभव है।

# कांग्रेस क्या ओवैसी से तालमेल करेगी

तेलंगाना में सरकार बनने के बाद कांग्रेस किसी तरह से राज्य की सभी 15 सीटें जीतने की रणनीति बना रही है और इसी क्रम में कहा जा रहा है कि पुराने सहयोगी असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया एमआईएम के साथ भी कांग्रेस तालमेल कर सकती है। ध्यान रहे एकीकृत आंध्र प्रदेश में कांग्रेस और एमआईएम का साथ रहा है लेकिन 2012 में अकबरूद्दीन ओवैसी की गिरफ्तारी के बाद तालमेल खत्म हो गया और दोनों पार्टियां एक दूसरे पर हमला करने लगीं। कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राहुल गांधी भी ओवैसी की पार्टी को भाजपा की बी टीम बता कर उसके ऊपर हमला करते हैं। लेकिन अब तालमेल की संभावना जताई जा रही है।

**ध्यान रहे एकीकृत आंध्र प्रदेश में कांग्रेस और एमआईएम का साथ रहा है लेकिन 2012 में अकबरूद्दीन ओवैसी की गिरफ्तारी के बाद तालमेल खत्म हो गया और दोनों पार्टियां एक दूसरे पर हमला करने लगीं। कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राहुल गांधी भी ओवैसी की पार्टी को भाजपा की बी टीम बता कर उसके ऊपर हमला करते हैं। लेकिन अब तालमेल की संभावना जताई जा रही है।**

यह संभावना इसलिए जताई जा रही है क्योंकि शुक्रवार को लंदन में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और ओवैसी के भाई अकबरूद्दीन ओवैसी की मुलाकात हुई। दोनों एक साथ टेम्स नदी का रिवर फ्रंट देखने गए। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने ओवैसी को आमंत्रित किया था ताकि हैदराबाद की मुसी नदी को पुनर्जीवित करने और रिवर फ्रंट डेवलप करने की परियोजना का आइडिया मिले। दोनों के इस सद्भाव को देख कर तालमेल की चर्चा शुरू है गई है। हालांकि मौजूदा समय में कांग्रेस का ओवैसी के साथ तालमेल उसके लिए आत्मघाती हो सकता है। पहले तो एमआई-ईएम के विरोध में कांग्रेस काफी आगे बढ़ चुकी है।

अगर वह तालमेल करती है तो भाजपा को मौका मिलेगा यह कहने का ओवैसी कभी भाजपा की बी टीम नहीं थे, बल्कि कांग्रेस की बी टीम हैं। ध्यान रहे पिछली बार तेलंगाना में कांग्रेस ने तीन और ओवैसी ने एक सीट जीती थी, जबकि भाजपा को चार सीटें मिली थीं।

अगर कांग्रेस और ओवैसी साथ आते हैं तो ज्यादा ध्रुवीकरण होगा और भाजपा की सीटें बढ़ सकती हैं।

# इंडिया ब्लॉक के सदस्यों को अपनाना चाहिए अखिलेश मॉडल : सपा



लखनऊ,समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता ने कहा है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए गठबंधन मॉडल रखा है और दूसरों को भी इसका पालन करना चाहिए।

यह बयान जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार के बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद आया है।नीतीश कुमार, जिनके बिहार में भाजपा के समर्थन से नई सरकार बनाने की संभावना है, ने पटना में संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी गुट इंडिया में उनके लिए चीजें अच्छी तरह से काम नहीं कर रही थीं।रविवार को इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अमीक जामेई ने कहा, जो चुनाव होने जा रहे हैं वह हमारे धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र को बचाने के लिए हैं। हमारी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने कांग्रेस और आरएलडी के साथ सीट बंटवारे की घोषणा करके एक मॉडल पेश किया है। कांग्रेस के साथ दूसरे दौर की बातचीत जारी है। भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए सभी को इसका पालन करना चाहिए।अखिलेश यादव ने शनिवार को घोषणा की थी कि उत्तर प्रदेश में 11 मजबूत लोकसभा सीटों के साथ कांग्रेस के साथ उनकी पार्टी का गठबंधन अच्छी शुरुआत है। इसके तुरंत बाद, कांग्रेस ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत और सपा प्रमुख यादव के बीच सीट बंटवारे पर रचनात्मक बातचीत चल रही है, लेकिन यह भी कहा कि अभी तक एक फॉर्मूले को अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

# चार लोगों ने शख्स पर चाकू से किया हमला, गोली मारी

नई दिल्ली ,दिल्ली में एक व्यक्ति पर उन चार लोगों ने चाकू से हमला किया और फिर गोली मार दी, जिसके साथ वे शराब पी रहे थे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उत्तरी-पूर्वी दिल्ली इलाके में हुई यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घायल व्यक्ति की पहचान शास्त्री पार्क इलाके के रहने वाले समीर अहमद के रूप में हुई है। पुलिस को दिए बयान में उसने बिलाल, सऊद, फिरोज और सलीम पर हमला करने का आरोप लगाया। जब अपराधियों ने पीड़ित का पीछा किया तो आसपास खड़े लोगों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की। बीच-बचाव करने आए लोगों में से एक को थप्पड़ मारा गया, उसके बाद वे अहमद पर चाकू से हमला करने के लिए आगे बढ़े। एक किराने की दुकान के सामने अहमद के गिरने के बाद दुकानदार दुकान बंद करने लगा। इसके तुरंत बाद हमलावरों में से एक स्कूटी पर तेजी से भाग गया, जबकि बाकी पैदल ही पीछा करते रहे, जिससे अहमद जमीन पर गिर गया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना रात करीब साढ़े आठ बजे बुलंद मस्जिद के पास हुई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, हमें शास्त्री पार्क पुलिस स्टेशन में गोलीबारी की घटना के बारे में एक कॉल मिली, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। अहमद घायल पाया गया। उसे जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, वहां से जीटीबी अस्पताल और फिर बेहतर इलाज के लिए आरएमएल अस्पताल रेफर कर दिया गया।अधिकारी ने कहा, अहमद ने पुलिस को बताया कि बिलाल, सऊद, फिरोज और सलीम ने उस पर चाकू से हमला किया, जिसके बाद बिलाल ने गोली मारकर घायल कर दिया। उन्होंने घटनास्थल से भागने से पहले कई वार किए। फरार चार आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंगर बी प्राक के भजन सुनने पहुंची श्रद्धालुओं की बेतहाशा भीड़, मंच गिरा- महिला की मौत

नई दिल्ली ,देश की राजधानी दिल्ली के कालकाजी मंदिर में बीती माता जागरण के दौरान स्टेज गिरने से महिला की मौत हो गई, जबकि 17 घायल हो गए। इस जागरण में काफी संख्या मे लोगों की भीड़ सिंगर बी प्राक के भजन सुनने पहुंची थी। पुलिस ने बताया कि कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी गई थी। दिल्ली के कालकाजी मंदिर के महंत परिसर में बीती रात माता का जागरण कार्यक्रम था। इस दौरान वहां पर लकड़ी और लोहे के फ्रेम से मंच तैयार किया गया था। कार्यक्रम शुरू होने के बाद देर रात अचानक मंच हिलने लगा और कुछ ही सेकंड में वह टूट गया। माना जा रहा है कि मंच पर क्षमता से ज्यादा लोग बैठे थे। इससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह टूट गया। हालाँकि, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त कर्मचारी तैनात किए गए थे। वहां करीब 1500-1600 लोगों का जमावड़ा था। अन्य सभी घायलों की हालत स्थिर है, जबकि कुछ को फ्रैक्चर हुआ है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आयोजकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### कार और लॉरी की भीषण टक्कर, छह दोस्तों की मौत

चेन्नई ,तमिलनाडु के दक्षिणी तेनकासी जिले में कदयानल्लूर के पास सिंगिलिपट्टी गांव में रविवार सुबह एक कार और लॉरी की टक्कर में छह दोस्तों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। यहां पुलिस मुख्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कार में सवार सभी छह युवक, तेनकासी के पास पुलियानकुडी गांव के मूल निवासी थे और छुट्टियों में घूमने और कोर्टालम झरने में स्नान के बाद अपने घर लौट रहे थे। पुलिस सूत्रों ने यूनीवार्ता को बताया कि दुर्घटना तडक़े करीब साढ़े चार बजे हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस और अग्निशमन सेवा विभाग के कर्मियों को शवों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। शवों को बाद में पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया।दुर्घटना के बाद व्यस्त तेनकासी-मदुरै राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात लगभग दो घंटे तक प्रभावित रहा। क्षतिग्रस्त वाहन को मौके से हटाने के बाद यातायात बहाल कर दिया गया। पुलिस ने इस सिलसिले में मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

### एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने की खुदकुशी, फंदे से लटके मिले शव

ग्वालियर ,मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में एक परिवार के तीन सदस्यों के शव फांसी के फंदे से लटके मिले हैं। पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है। हत्या और उसके बाद आत्महत्या के एंगल से जांच की जा रही है।

# तेलंगाना डीसीए ने हैदराबाद में मेडिकल स्टोर, झोलाछाप डॉक्टर के क्लिनिक पर छापा मारा

हैदराबाद ,हैदराबाद में तेलंगाना औषधि नियंत्रण प्रशासन ने एक मेडिकल स्टोर और मेडक जिले में एक झोलाछाप डॉक्टर के क्लिनिक पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने 1.90 लाख रुपये की दवाएं जब्त कीं।

डीसीए अधिकारियों ने पहले मामले में, फलकनुमा के जंगालम्मेट में एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। यह मेडिकल स्टोर बिना ड्रग लाइसेंस के अवैध रूप से चल रहा था। अधिकारियों ने 1 लाख 20 हजार रुपये की दवाओं का भारी स्टॉक भी जब्त किया है।

विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने मेडिकल स्टोर पर छापा मारा और 40 प्रकार की दवाएं जब्त कीं। डीसीए के महानिदेशक वी.बी. कमलासन रेड्डी ने कहा कि के. अच्युता रेड्डी बिना ड्रग लाइसेंस के मेडिकल स्टोर चला रहे थे।

छापेमारी के दौरान डीसीए अधिकारियों ने बिक्री के लिए भारी मात्रा में दवाओं के अनधिकृत स्टॉक का पता लगाया। इनमें एंटीबायोटिक्स, एंटी डायबिटिक, एंटीफंगल, एंटी हाइपरटेंसिव, पेन किलर और एंटी अल्सर दवाएं आदि शामिल हैं।

उन्होंने आगे कहा कि अधिकारियों ने विश्लेषण के लिए नमूने एकत्र किए हैं। आगे की जांच की जाएगी और सभी अपराधियों खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

डीसीए अधिकारियों ने दूसरे मामले में, मेडक जिले के कोठापेट गांव में एक झोलाछाप डॉक्टर के क्लिनिक पर छापा मारा और बिक्री के लिए रखी 70 हजार रुपये की दवाएं जब्त कीं। डीजी ने कहा कि झोलाछाप डी. श्रीनिवास खुद को 'रूरल मेडिकल प्रैक्टिशनर' बताकर क्लिनिक चला रहा था। अधिकारियों ने एंटीबायोटिक्स, स्टेरॉयड, एनाल्जेसिक, एंटी अल्सर दवाएं, एंटीहाइपरटेन्सिव आदि सहित 41 प्रकार की दवाएं जब्त कीं। आरोपी बिना योग्यता के क्लीनिक चला रहा था। डीसीए अधिकारियों ने बिना किसी ड्रग लाइसेंस के परिसर में दवाओं के विशाल स्टॉक का पता लगाया।

डीसीए, महानिदेशक ने कहा कि किसी अयोग्य व्यक्ति द्वारा एंटीबायोटिक दवाओं की अंधाधुंध बिक्री से ग्रामीण क्षेत्रों में जनता के स्वास्थ्य पर विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि थोक विक्रेता/डीलर जो ऐसे अयोग्य (बिना लाइसेंस) वाली दुकानों को दवा की आपूर्ति करते हैं, जो बिना ड्रग लाइसेंस के दवाओं बिक्री कर रहे हैं, वे भी ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत दंडनीय हैं और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।थोक विक्रेताओं/डीलरों को अनिवार्य रूप से यह जानना होगा कि प्राप्तकर्ता संस्थाओं के पास दवाओं की आपूर्ति करने से पहले वैध दवा लाइसेंस हो।

## मैं एक नया किसान बनना चाहता हूं : तिंग शीकोंग

बीजिंग , हाल ही में चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी) के 2024 स्प्रिंग फेस्टिवल गाला का दूसरा रिहर्सल आयोजित किया गया, जिसमें तिंग शीकोंग नाम के विश्वविद्यालय विद्यार्थी को अतिथि दर्शक के रूप में आमंत्रित किया गया।

तिंग शीकोंग दक्षिण पश्चिमी चीन के यून्नान प्रांत में यून्नान कृषि विश्वविद्यालय में पढ़ रहे हैं। कृषि से प्यार करने की वजह से उन्होंने अपना कोर्स कृषि चुना। तिंग का जन्म एक पहाड़ी गांव में हुआ, जहां पर्वतों से घेरा हुआ है और पहाड़ों में औषधीय जड़ी-बूटियां हैं।

कई गांव वासी औषधीय जड़ी-बूटियों से समृद्ध होना चाहते हैं, लेकिन उनके पास तकनीक और अनुभव की कमी है। इस तरह, तिंग शीकोंग को उम्मीद है कि वह विश्वविद्यालय में प्रासंगिक ज्ञान सीखेंगे और कौशल के साथ अपने गृहनगर लौटेंगे ताकि सभी को अच्छी औषधीय सामग्री उगाने और उनकी आय बढ़ाने में मदद मिल सके।

# ब्रिटेन के संग्रहालय को मिला 200,000 पाउंड का अनुदान, सिख महाराजा की कहानियां बताने के लिए होगा इस्तेमाल

लंदन , पंजाब के अंतिम सिख सम्राट के बेटे द्वारा इंग्लैंड में स्थापित एक संग्रहालय को लगभग 200,000 पाउंड का अनुदान मिला है, जिसका उपयोग अपने प्रदर्शनों, कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से परिवार की कहानी बताने के लिए किया जाएगा। प्रिंस फ्रेडरिक दलीप सिंह ने 1924 में नॉरफॉक के दक्षिण में थेटफोर्ड शहर के लोगों को एंसिएंट हाउस म्यूजियम उपहार में दिया था। नेशनल लॉटरी हेरिटेज फंड, जो पूरे ब्रिटेन में विरासत परियोजनाओं का समर्थन करता है, ने संग्रहालय को 198,059 पाउंड का पुरस्कार दिया, जो 2024 में अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है।



नॉरफॉक काउंटी काउंसिल के समुदायों के कैबिनेट सदस्य, काउंसलर मार्गरेट ड्यूसबरी ने कहा, प्रिंस फ्रेडरिक दलीप सिंह की दूरदर्शी उदारता के माध्यम से, पिछले 100 वर्षों से, एंसिएंट हाउस म्यूजियम ने शहर और आसपास के क्षेत्र के इतिहास को संरक्षित करते हुए, थेटफोर्ड और उससे आगे के लोगों की सेवा की है। उन्होंने कहा, यह पुरस्कार संग्रहालय को हमारे विविध समुदायों की बेहतर सेवा करने और शहर की विरासत के एक महत्वपूर्ण पहलू को बढ़ावा देने में सक्षम बनाएगा।

डिस्प्ले में व्यापक दलीप सिंह परिवार की आकर्षक और महत्वपूर्ण कहानियां प्रस्तुत की जाएंगी, जिनमें प्रिंस फ्रेडरिक और उनकी बहनें राजकुमारी सोफिया और कैथरीन दलीप सिंह शामिल हैं, जो महिलाओं की राजनीतिक और निजी स्वायत्तता के दोनों अग्रदूत हैं। इसके अलावा, उनमें एंग्लो-पंजाब इतिहास के खजाने का 'ट्रेजरी' स्टाइल का डिस्प्ले, एल्वेडेन हॉल का मॉडल, महाराजा की छड़ी जैसी व्यक्तिगत वस्तुएं शामिल होंगी, जो उन्हें भावी राजा एडवर्ड सप्तम ने तब दी थी जब वह वेल्स के राजकुमार थे, जिसे 2023 में संग्रहालय को दान कर दिया गया था।

# टीडीपी सांसद गल्ला जयदेव ने छोड़ी राजनीति

विजयवाड़ा , तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) संसदीय दल के नेता और उद्योगपति गल्ला जयदेव ने रविवार को घोषणा की कि वह राजनीति छोड़ रहे हैं और व्यवसाय पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

गुंटूर से लोकसभा सदस्य ने घोषणा की कि वह आगामी चुनाव नहीं लड़ेंगे।

जयदेव, जो अमारा राजा बैटरीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हैं, ने कहा कि वह अंशकालिक राजनेता के रूप में नहीं रहना चाहते थे। गुंटूर में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनका निर्णय अस्थायी है और वह बाद में नए जोश के साथ राजनीति में लौटेंगे। अपने फैसले का कारण बताते हुए जयदेव ने कहा कि ऐसे समय में जब उन्हें राज्य और केंद्र सरकार द्वारा निशाना बनाया जा रहा है, वह एक सांसद के रूप में चुप नहीं बैठ सकते। उन्होंने कहा कि वह सांसद के रूप में अपना कर्तव्य निभाने में असमर्थ हैं और इसलिए उन्होंने राजनीति से दूर रहने का फैसला किया है। जयदेव ने यह भी कहा कि उनके पिता रामचंद्र नायडू गल्ला दो साल पहले बिजनेस से रिटायर हो गए थे और उन्हें बिजनेस पर ध्यान केंद्रित करने के लिए राजनीति छोड़ने का फैसला लेना पड़ा।

उन्होंने याद किया कि उन्होंने आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए संसद में आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि जब टीडीपी ने केंद्र में सरकार छोड़ दी और अविश्वास प्रस्ताव लाया, तो वह ही थे जिन्होंने पार्टी की ओर से संसद में बात की थी।

सांसद ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें विभिन्न मामलों में पूछताछ के लिए दो बार बुलाया। उन्होंने कहा कि उनके कारोबार पर निगरानी रखी जा रही है जबकि ईडी और सीबीआई उनके फोन टैप कर रहे हैं।

जयदेव 2014 चुनाव से पहले अपनी मां और पूर्व मंत्री अरुणा कुमारी के साथ टीडीपी में शामिल हुए थे।

वह 2014 में गुंटूर से लोकसभा के लिए चुने गए और 2019 में सीट बरकरार रखी।

## बर्नार्ड अरनॉल्ट बने दुनिया के नंबर-1 रईस, एलन मस्क को पछाड़ा

वाशिंगटन ,टेस्ला, स्टारलिंक और एक्स के मालिक एलन मस्क के सिर से विश्व के सबसे अमीर व्यक्ति का ताज छिन गया है। जानकारी के अनुसार फ्रांस के कारोबारी एवं लग्जरी ब्रांड लुई वीटॉन के मालिक बर्नार्ड अरनॉल्ट अब फिर से दुनिया के सबसे अमीर शख्स बन गए हैं।

टेस्ला के शेयरों में आई भारी गिरावट के बाद उनकी संपत्ति में कमी देखने को मिली है। फोर्ब्स रियल टाइम बिलिनियर्स के मुताबिक बर्नार्ड अरनॉल्ट की नेटवर्थ 207.6 बिलियन डॉलर के आसपास पहुंच गई है। वहीं एलन मस्क की कुल संपत्ति अब 204.7 बिलियन डॉलर है।

# ऑस्ट्रेलिया बनाम वेस्टइंडीज, दूसरा टेस्टः शमर जोसेफ ने झटके 7 विकेट



नईदिल्ली, वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ ने गाबा में खेले जा रहे दूसरे और आखिरी टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी करते हुए 7 विकेट झटके।यह उनके करियर का दूसरा 5 विकेट हॉल रहा। उनकी धारदार गेंदबाजी के कारण ही कंगारू टीम 216 रन के लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई और 8 रन से मैच हार गई।

शमर ने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में अब तक 11.5 ओवर गेंदबाजी की है और 68 रन देकर 7 विकेट अपने नाम कर लिए हैं।उन्होंने कैमरून ग्रीन (42), ट्रेविस हेड (0), मिचेल मार्श (10), एलेक्स कैरी (2) मिचेल स्टार्क (21), पैट कमिंस (2) जोश हेजलवुड (0) को पवेलियन की राह दिखाई।शमर ने मैच में बेहतरीन स्विंग गेंदबाजी का मुजायरा पेश किया और कंगारू बल्लेबाजों परेशानी में रखा। उनकी रफ्तार और बाउंसर के आगे बल्लेबाज काफी असहज नजर आए।

जोसेफ ने यह घातक गेंदबाजी शनिवार को चोटिल होने के बाद की है। दरअसल, वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते समय मिचेल स्टार्क की यॉर्कर गेंद से शमर का अंगूठा चोटिल हो गया था।उसके बाद वह बल्लेबाजी नहीं कर पाए थे। रात में मेडिकल टीम ने उनका उपचार किया और वह गेंदबाजी के लिए उतर आए।उन्होंने चोटिल अंगूठे से घातक गेंदबाजी करते हुए कंगारू टीम के 7 बल्लेबाजों को आउट कर टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी।

शमर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में खेले गए पहले टेस्ट में ही अपना डेब्यू किया था। उसमें उन्होंने 5 विकेट अपने नाम किए थे।वह अब तक 2 टेस्ट की 4 पारियों में 17.30 की औसत और 5.05 की इकॉनमी से 13 विकेट चटका चुके हैं। वह 2 बार 5 विकेट हॉल ले चुके हैं और यह उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन रहा है।इसी तरह वह अब तक 4 पारियों में महज 54 रन बनाने में कामयाब रहे हैं।

शमर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने एडिलेट में अपने डेब्यू टेस्ट की पहली पारी में भी 5 विकेट झटकने के कारनामा किया था।उस दौरान उन्होंने स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, मिचेल स्टार्क और नाथन लियोन को अपना शिकार बनाया था।वह टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहली गेंद पर विकेट लेने वाले टायरेल जॉनसन के बाद वेस्टइंडीज के सिर्फ दूसरे गेंदबाज बने थे। अब दूसरे टेस्ट में भी उन्होंने 7 विकेट लेने का कारनामा किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, गुयाना के एक छोटे से गांव बाराकारा के रहने वाले जोसेफ ने अपने क्रिकेट करियर को आगे बढ़ाने के लिए लगभग 18 महीने पहले अपनी नौकरी छोड़ दी थी।गुयाना के एक क्रिकेटर, जो उनके पड़ोसी थे, उन्होंने जोसेफ को एक गेंदबाजी कैंप में भेजा। वहां उन्हें महान खिलाड़ी कर्टली एम्ब्रोस ने देखा।दिलचस्प बात यह है कि जोसेफ ने उस कैंप में जाने से पहले केवल टेप गेंदों से क्रिकेट खेला था।

### शान से सुपर–सिक्स में पहुंचा भारत, अमेरिका को 201 रन से हराकर दर्ज की लगातार तीसरी जीत

नई दिल्ली। अंडर–19 वर्ल्ड कप 2024 में डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने लगातार तीसरी जीत दर्ज कर सुपर सिक्स में जगह बना ली है। रविवार को खेले गए मुकाबले में भारत ने अमेरिका को 201 रन से शिकस्त दी। भारत ने यूएसए को 327 रन का मुश्किल लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में अमेरिका 125 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए अमेरिका की शुरुआत बेहद खराब रही। दो के स्कोर पर टीम को पहला झटका लगा। प्रणव 2 रन बनाकर राज लिंबानी का शिकार बना। नमन तिवारी ने भव्या मेहता को शून्य पर पवेलियन की राह दिखाई। सिद्धार्थ कप्पा 18 रन बनाकर प्रियांशु मोलिया का शिकार बने। कप्तान ऋषि रमेश मात्र 8 रन बनाकर नमन तिवारी का दूसरा शिकार बने।

**नमन तिवारी ने चटकाए चार विकेट**

उत्कर्ष श्रीवास्तव ने 73 गेंद पर 40 रन की पारी खेल कर कुछ हद तक हार के अंतर को कम करने की कोशिश की। हालांकि नमन तिवारी ने उत्कर्ष के रूप में अपना तीसरा शिकार किया। अमोघ अरेपल्ली 27 रन बनाकर नाबाद रहे। अमेरिका 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 125 रन ही बना सकी। भारत की तरफ से नमन तिवारी ने चार विकेट चटकाए।

**अर्शिन कुलकर्णी का दमदार शतक**

इससे पहले टॉस जीतकर भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड पर 326 रन जड़ दिए। अर्शिन कुलकर्णी ने 108 रन की शतकीय पारी खेली। वहीं, पिछले मैच में शतकवीर रहे मुशीर खान 76 गेंद पर 73 रन की ताबतोड़ पारी खेली। कप्तान उदय सहारन ने 35 रन का योगदान दिया। अमेरिका की तरफ से अतेंद्र सुब्रमण्यम को दो विकेट मिले।

**सुपर–सिक्स में पहुंचा भारत**

तीन लगातार जीत के चलते भारत ग्रुप–ए में टॉप रहा। भारतीय टीम ने 6 अंक हासिल कर सुपर सिक्स में जगह पक्की कर ली है।

## भारत के पास गेंदबाजी इकाई में अनुभव और क्लास हैः म्हाम्ब्रे



हैदराबाद, भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा है कि राजीव गांधी इंटरनेशनल में पहले टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड द्वारा दी गई चुनौती पर जीत हासिल करने के लिए टीम के पास अपने गेंदबाजी क्रम में अनुभव और क्लास है।

तीसरे दिन भारत को 436 रनों पर आउट करने के बाद इंग्लैंड को उप–कप्तान ओली पोप ने नाबाद 148 रनों की मदद से मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला।

दिन का अंत 316/6 पर हुआ और इंग्लिश टीम को 126 रनों की बढ़त मिली। पांच मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त लेने की कोशिश में भारत हैदराबाद की पेचीदा पिच पर आखिरी में बल्लेबाजी करेगा।

म्हाम्ब्रे ने चौथे दिन के खेल से पहले कहा, हमें चुनौती दी गई थी। हम जानते थे कि वे कैसे खेलेंगे, जब वे उपमहाद्वीप में आते हैं तो अन्य टीमों के विपरीत विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंच बना रहे होते हैं। हम जानते हैं कि हमारी गेंदबाजी इकाई में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए क्लास और अनुभव है।

यह पूछे जाने पर कि चौथे दिन के खेल में भारत को गेंद के साथ क्या करने की जरूरत है, म्हाम्ब्रे को लगता है कि यह सिर्फ इंग्लैंड के बाकी चार विकेट जल्दी हासिल करने की बात है।

## खेलो इंडिया में जम्मू–कश्मीर की वॉलीबॉल टीम का धमाल



चेन्नई, वॉलीबॉल में जम्मू एवं कश्मीर का नाम शायद ही कोई मजबूत नाम हो, और इसलिए जब उनकी लड़कों की टीम ने जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 के ग्रुप मुकाबले में गत चैंपियन हरियाणा को हराया, तो सभी दंग रह गए।

कम सेट स्कोर के कारण हरियाणा और राजस्थान के साथ एक–एक जीत के साथ अंक पर बंधे होने के बावजूद जम्मू–कश्मीर के लिए यह जीत नॉक–आउट चरण में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं थी। लेकिन, मेजबान तमिलनाडु सहित एक समूह में उन्होंने जो लड़ाई का जज्बा दिखाया उससे उनके आत्मविश्वास को काफी फायदा होगा।

जम्मू–कश्मीर के वालीबॉल टीम मुख्य कोच नरेश कुमार ने कहा, यह खेलो इंडिया यूथ गेम्स हमारे लिए एक बहुत अच्छा मंच था। जहां हमारे खिलाड़ियों को अधिक अनुभव मिला और वे ऐसे अच्छे बुनियादी ढांचे में खेलने में सक्षम हुए, जो जम्मू–कश्मीर में नहीं है।

यहां प्रदर्शन से निश्चित रूप से हमारा आत्मविश्वास बढ़ेगा और मैं यह सुनिश्चित कर सकता हूं कि अगर हमें जम्मू में खिलाड़ियों के लिए अच्छी सुविधाएं और हॉस्टल मिलेंगे, तो वे निश्चित रूप से भविष्य में हमारे लिए पदक जीतेंगे।

जम्मू–कश्मीर में खेल के विकास में बुनियादी ढांचे की कमी एक बड़ी बाधा रही है क्योंकि केंद्र शासित प्रदेश में किसी भी इनडोर सुविधा का अभाव है और मौसम की स्थिति के कारण उनके लिए साल में छह महीने से अधिक समय तक प्रशिक्षण लेना असंभव हो जाता है। अधिकांश खिलाड़ियों को एक टीम के बजाय व्यक्तिगत रूप से अभ्यास करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। जम्मू में एकमात्र जगह है जहां वे एक साथ प्रशिक्षण ले सकते हैं, लेकिन वहां छात्रावास की सुविधा नहीं है।

प्रत्येक खिलाड़ी साधारण पृष्ठभूमि से आने के बावजूद अपने अटूट समर्पण का प्रदर्शन करते हुए यात्रा और उपकरणों का खर्च खुद उठाते हैं। इन बाधाओं का असर लड़कियों की टीम पर भी पड़ता है जो अभी तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई है।

## भारोत्तोलक आरती तत्गुंती, एवी सुस्मिता ने युवा रिकॉर्ड तोडक़र स्वर्ण पदक जीता




चेन्नई, यहां के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में शनिवार को छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में महाराष्ट्र की भारोत्तोलक आरती तत्गुंती और आंध्र प्रदेश की ए.वी. सुस्मिता ने क्रमशः लड़कियों के 49 किग्रा और 55 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर नए राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाए। हरियाणा ने कुश्ती में पांच में से चार स्वर्ण पदक जीते, जबकि तमिलनाडु दूसरे स्थान पर रहा। 49 किग्रा वर्ग में आरती, उनकी साथी सौम्या दलवी और असम की पंचमी सोनोवाल के बीच हुई तीन–तरफा प्रतियोगिता में आरती कुल 170 किलो वजन उठाकर विजयी हुई, जिसमें स्नैच में 75 और क्लीन में 95 शामिल थे। रजत पदक विजेता सोनोवाल ने भी पहले के अंकों में सुधार किया, जिससे आरती को खुद को अधिक वजन उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा और महाराष्ट्र के भारोत्तोलक ने अपने राज्य को भारोत्तोलन क्षेत्र से दिन का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। सोनोवाल, जिन्होंने खेलों के पिछले संस्करण में स्वर्ण पदक जीता था, ने स्वर्ण पदक जीतने के लिए अपने आखिरी क्लीन एंड जर्क प्रयास में 97 किग्रा भार उठाया, लेकिन इस प्रक्रिया में उनकी पीठ का मसल फट गया और उन्हें स्कैन के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा। .बाद में सुस्मिता ने कुल 173 किलोग्राम वजन उठाकर एक नया समग्र रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक जीता।कुश्ती प्रतियोगिता के शुरुआती दिन हरियाणा पदक तालिका में सबसे आगे रहा। लडक़ी वर्ग में मोनिका (46 किग्रा), नेहा (57 किग्रा), लडक़ा वर्ग में अमरजीत (51 किग्रा ग्रीको रोमन) और विनय (92 किग्रा फ्रीस्टाइल) ने अपने–अपने प्रतिद्वंद्वियों पर आसान जीत के साथ स्वर्ण पदक जीते। हरियाणा की लड़कियों की हॉकी टीम ने मध्य प्रदेश को 1–0 से हराकर लगातार पांचवां खिताब जीता। महाराष्ट्र अपनी तालिका में चार और स्वर्ण पदक जोडक़र पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। भारोत्तोलक महादेव वदार (लडक़े 67 किग्रा), पहलवान समर्थ (लडक़े 60 किग्रा जीआर) और तैराक रुतुजा राजदन्या ने एक–एक स्वर्ण पदक जीतकर राज्य की झोली में डाल दिया। राजदन्या एसडीएटी एक्वेटिक कॉम्प्लेक्स में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 29.18 सेकेंड के समय के साथ 50 मीटर फ्रीस्टाइल रेस जीतकर लड़कियों की सबसे तेज तैराक बन गईं। असम की जाह्नवी कश्यप और सुब्रांशिनी प्रियदर्शनी ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। लडक़ों में सबसे तेज तैराक का सम्मान असम के जनंजय ज्योति हजारिका को मिला, जिन्होंने 25.53 सेकेंड में लक्ष्?य पूरा किया। महाराष्ट्र के सलिल भागवत और गुजरात की हीर पित्रोदा ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। इससे पहले, केरल की साइकिल चालक अलनीस लिली क्यूबेलियो ने लड़कियों की 60 किमी व्यक्तिगत रोड रेस जीती, जबकि चंडीगढ़ के जय डोगरा ईसीआर में लडक़ों की 30 किमी टाइम ट्रायल में शीर्ष पर रहे। पश्चिम बंगाल और तेलंगाना ने गुरु नानक कॉलेज शूटिंग रेंज से अपने खाते में एक–एक स्वर्ण पदक जोड़ा।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail:

nagendra.uniyal@gmail.com